सुप्रभात
रांची, गुरुवार
11.04.2024
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
सरहुल पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। ईद मुबारक
* * नगर संस्करण । पेज : 12 | चैत, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 267 | khabarmantra.net

12 संजय सिंह को नहीं मिली राहत

# शांति-सद्भाव का प्रतीक ईद और प्रकृति पर्व सरहुल आज



ईद का चांद बुधवार की शाम दिखा। गुरुवार को ईद मनायी जायीगी। ईदगाहों और मस्जिदों में गुरुवार को सुबह की नमाज होगी। चांद का दीदार होने के साथ ही ईद की खुशियां शहर की फिजा में घुल गयीं। मुफ्ती रहमतुल्लाह मजाहिरी ने ईद के संदेश पर कहा कि ईद-उल- फितर हमारे लिए न्याय व निष्पक्षता, शांति व व्यवस्था, भाईचारा, करुणा, प्रेम और सहनशीलता का एक सुंदर संदेश देता है।

प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। गुरुवार सुबह घड़े में रखे जल को देखकर इस वर्ष बारिश की भविष्यवाणी की जायेगी। सुबह सभी अखरा और सरना स्थल में सरहुल की पूजा-अर्चना पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ होगी। केंद्रीय सरना समिति के कार्यालय में सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है।



## न्यूज डायरी

### संदेशखली: कोर्ट ने दिया सीबीआइ जांच का आदेश

**कोलकाता।** कोलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को संदेशखाली मामले की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया। सत्तारूढ़ नेताओं के खिलाफ महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गये थे। इससे पहले इडी की टीम पर हुए हमले की जांच सीबीआइ को सौंपी गयी थी। हाईकोर्ट ने कहा, संदेशखाली में मामलों की जटिलता को देखते हुए, इसमें कोई संदेह नहीं है कि निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

### लैंड स्कैम के आरोपी हिलेरियस का निधन

**रांची।** जमीन घोटाला मामले के आरोपी हिलेरियस कच्छप का मंगलवार की रात निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। उनका डायलिसिस हो रहा था। इडी ने हिलेरियस कच्छप के खिलाफ बीते दिनों ही चार्जशीट दाखिल की थी। इडी ने बीते दिनों पूर्व सीएम सोरेन सहित पांच अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। इस पर इडी कोर्ट ने संज्ञान लिया था और विनोद सिंह, रामकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप को समन जारी किया था।

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व 12 से

**रांची।** चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ व्रत-अनुष्ठान 12 को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जायेगा। व्रती स्नान-ध्यान कर छठी मईया की आराधना करेंगे। 13 अप्रैल को खरना का निर्जला उपवास रखा जायेगा। व्रतधारी इस दिन शाम ढलने के बाद पूजा-अर्चना कर छठी मईया को खीर आदि पकवान का भोग लगायेगे। 14 अप्रैल को पहला अर्घ्य है।

### पीएम मोदी के खिलाफ मामला दर्ज

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के खिलाफआचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज की गई है। एक वकील ने मतदाताओं से भाजपा की जीत के लिए प्रार्थना करने की अपील करने पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# दीदी घुसपैठ नहीं रोकेंगी यही तो उनका वोट बैंक हैं

## बंगाल में सीसीए लागू होने से रोक नहीं सकतीं : शाह

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो का इरादा घुसपैठ रोकने का नहीं है क्योंकि जो घुसपैठिए आते हैं वे वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा, ममता दीदी नहीं रोकेंगी घुसपैठ को क्योंकि ये घुसपैठिये उनके वोट बैंक हैं। शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार बंगाल में घुसपैठ रोक सकते हैं। बंगाल में अमित शाह यह पहली चुनावी रैली थी। वह दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट में चुनावी रैली में बोल रहे थे। यहां से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने सीएए का विरोध करने पर ममता बनर्जी की आलोचना की। शाह ने एक बार फिर टीएमसी प्रमुख को चुनौती दी कि वह बंगाल में सीएए को लागू होने से नहीं रोक पायेंगी। उन्होंने पूछा आखिर ममता पड़ोसी देशों के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने से इतनी परेशान क्यों हैं। **(शेष 11 पर)**

### रोहिंग्याओं का स्वागत करती हैं दीदी



श्री शाह ने आरोप लगाया कि टीएमसी बंगाल में रोहिंग्या मुसलमानों को शरण दे रही है। वह (ममता) बंगाल में घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का स्वागत करती हैं लेकिन हिंदुओं, सिखों और बौद्ध शरणार्थियों को गुमराह कर रही हैं। आप सफल नहीं होंगे पीएम मोदी ने पहले ही सीएए नियमों को अधिसूचित कर दिया है। उन्होंने कहा, मैं बंगाल के लोगों से हाथ जोड़कर अपील करने आया हूं। हमने सीएए नामक कानून पारित किया है। ममता दीदी बंगाल के लोगों को यह कहकर गुमराह कर रही हैं कि यदि आप आवेदन करेंगे तो आपकी नागरिकता चली जायेगी। मैं आज आपसे ये कहने आया हूं कि जो भी शरणार्थी आये हैं वो बिना डरे आवेदन करें, किसी पर कोई केस नहीं चलेगा। ये मोदी सरकार का कानून है, इसमें कोई बदलाव नहीं कर सकता।

### बिहार में कांग्रेस पर बरसे

वहीं बिहार के गया और औरंगाबाद में चुनावी रैली में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में देश को तोड़ा, अब नहीं तोड़ने देंगे। वह गया में जीतन राम मांझी और औरंगाबाद प्रत्याशी सुशील सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। शाह ने कहा कि आप बिहार की 40 लोकसभा सीटें देकर हम पर भरोसा करिए. मोदी जी ने राम मंदिर का वादा पूरा किया।

### टीएमसी के गुंडे अत्याचार करते रहे

शाह ने कहा, दीदी, आप एक महिला मुख्यमंत्री हैं। मैं आपसे एक बात पूछना चाहता हूं। संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर भी आप राजनीति कर रही हैं। सालों से आपकी नाक के नीचे महिलाओं पर अत्याचार होता रहा और तृणमूल कांग्रेस के गुंडे अत्याचार करते रहे। आप सिर्फ वोटों के लिए कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बंगाल की सभी महिलाएं ऐसा करते देख रही हैं।

## विजय हांसदा के खिलाफ निर्दलीय लडेंगे लोबिन



**रांची।** साहिबगंज के बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने राजमहल लोकसभा चुनाव में अपने ही पार्टी के उम्मीदवार विजय हांसदा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने राजमहल से निर्दलीय लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने दावा किया है कि इस चुनाव में उनकी जीत भी होगी। उन्होंने झामुमो और हेमंत सोरेन पर जमकर भड़ास भी निकाली। लोबिन ने कहा कि जब दुर्गा सोरेन के नहीं रहने पर सत्ता हेमंत सोरेन को मिली तो उस हिसाब से बसंत सोरेन को सीएम होना चाहिए था।

## खूंटी से 23 को नामांकन करेंगे अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा नामांकन करने के बाद रोड शो करेंगे। इसके बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा और रोड शो के जरिए अर्जुन मुंडा करेंगे शक्ति प्रदर्शन अर्जुन मुंडा जिस दिन नामांकन दाखिल करेंगे, उस दिन एक तरह से शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे।

# पौलुस व जेठा को उम्रकैद

## दोहरा हत्याकांड : पूर्व विधायक पर 25 व नक्सली कमांडर पर 40 हजार जुर्माना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दोहरे हत्याकांड से जुड़े 11 साल पुराने मामले में दोषी करार तोरपा के तत्कालीन विधायक पौलुस सुरीन एवं पीएलएफआई के एरिया कमांडर जेठा कच्छप को एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने बुधवार को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी। डबल मर्डर केस में दोनों को कोर्ट ने दोषी माना था। अदालत ने सुरीन पर 25 हजार एवं जेठा कच्छप पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पौलुस सुरीन को आपराधिक साजिश रच कर हत्या करवाने के आरोप में सजा हुई। जबकि, जेठा कच्छप को हत्या, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट मामले में सजा मिली। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान दोनों को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने दोनों को छह अप्रैल को दोषी ठहराया था। दोषी पाने के बाद अदालत ने जेल भेज दिया था।

### 2017 में आया था सामने

दोहरे हत्याकांड की पूर्व में जांच के दौरान पौलुस सुरीन का नाम नहीं आया था, लेकिन, 20 जून 2017 को नक्सली जेठा कच्छप के दर्ज बयान में ठेकेदार भूषण सिंह हत्याकांड में तोरपा के तत्कालीन विधायक के शामिल होने की बात सामने आयी थी। इसके बाद ही उसके खिलाफ निचली अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

**कोर्ट ने क्या कहा:** कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष ने इस मामले में अभियुक्त पौलुस सुरीन के खिलाफ भादवि की धारा 302, 34 हत्या



एवं 120बी, आपराधिक साजिश के तहत दंडनीय अपराध के आरोपों में पूरी तरह से ठोस, सुसंगत, विश्वसनीय तरीके से साबित एवं स्थापित किया है। दोनों पर एसओपी भूषण सिंह एवं राम गोविंद सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या करने का आरोप था। इस घटना का अंजाम 27 मई 2013 को दिया गया था। मृतक के भाई ने खूंटी के कर्रा थाने में कांड संख्या 27-2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पौलुस सुरीन दो बार 2009 और 2014 में झामुमो के टिकट पर तोरपा के विधायक चुने गये थे। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह को प्रस्तुत किया था।

### पौलुस ने दी थी धमकी

घटना के पूर्व 9 अप्रैल 2013 को भूषण सिंह को तत्कालीन विधायक पौलुस सुरीन ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और गाली गलौज किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ मिलकर तुम जो मेरे संगठन के आदमियों को तंग कर रहे हो, उसे बंद करो नहीं तो ठीक नहीं होगा। इस पर भूषण सिंह ने कहा कि जो करना है करो, मेरा जो काम है, उसे मैं करूंगा। इस पर पौलुस सुरीन ने कहा देखते है कितना दिन जिंदा रहते हो। यह गवाही मृतक के छोटे भाई ने कोर्ट में दी थी।

### क्या है मामला

वर्ष 2013 में ठेकेदार भूषण सिंह पर एक महिला के साथ रेप करने का आरोप लगा था, लेकिन, पुलिसिया जांच में रेप केस फर्जी निकला और पुलिस ने जांच बंद कर दी थी। इसके बाद भूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए विधायक ने कर्रा में धरना दिया था। इसी बीच नक्सलियों ने 27 मई 2013 को ग्राम त्रिला में पुस्तकालय के पास ताश खेल रहे ठेकेदार भूषण सिंह व रामगोविंद सिंह की एके 47 राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। भूषण की बहन ने पौलुस पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया।

# बच्चों की मृत्यु दर शून्य करना तय करें

## 5 साल तक के बच्चों की मृत्यु दर हाइकोर्ट गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पांच साल तक से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिये गये स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे जिससे 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर शून्य तक पहुंचे। मामले में एमिकस क्यूरी सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को बेहतर बनाने की जरूरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक, प्राप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था जरूरी है। मामले के अगली सुनवाई 2 मई को होगी। मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को 3 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि झारखंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं। यहां कितने पद स्वीकृत है और कितने पद अभी खाली पड़े है। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर दवाओं की क्या व्यवस्था है। भवन कितने साल पुराने और भवन अभी किस स्थिति में है। इसके अलावा कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने से होने वाली मौत को रोकने के लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा की क्या व्यवस्था है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

# पेयजल विभाग में 20 करोड़ का घोटाला


## 51 लाख के साथ कैशियर गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल स्वच्छता शीर्ष कार्य प्रमंडल (पीएचइडी) विभाग में चारा घोटाला की तरह करोड़ों रुपये का पाइपलाइन घोटाला हुआ है। यहां एक कर्मचारी ने फर्जी कंपनी बनाकर उसके माध्यम से अपने सगे संबंधियों के खाते में कुल 20 करोड़ रुपये डाल दिये। इस मामले में रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए कैशियर संतोष कुमार को उसके ससुराल सुखदेवनगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास 51 लाख रुपये भी बरामद किया है। संतोष कुमार मूल रूप से बिहार के जहानाबाद जिले का रहने वाला है। मामला सामने आने बाद संतोष कुमार फरार चल रहा था। विभाग में चले रहे स्वच्छ भारत मिशन और जेजेएम में भी घोटाला का खेल जारी है। योजना में भ्रष्ट्राचार को बढ़ावा देकर अभियंता और संविदाकर्मी मालामाल हो रहे हैं।

### सालों से हो रहा था गबन का खेल

गबन का यह खेल पिछले चार साल तक चलता रहा था। पर प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाद में जब नये कार्यपालक अभियंता आये तो मामले का खुलासा हुआ। साल 2012 में रांची में पाइपलाइन बिछाने का काम एलएंडटी कंपनी को दिया था। इस प्रोजेक्ट का बजट 200 करोड़ था, लेकिन किसी वजह से इसे बीच में ही बंद कर दिया गया। इसके बाद कर्मचारी ने इस मौके का फायदा उठाने का प्लान बनाया। उसने दो निजी कंपनियां बना कर सगे-संबंधियों के 15 से अधिक खाते खोले और राशि का गबन किया।




# बाबा रामदेव पर फिर भड़का सुप्रीम कोर्ट, माफी मंजूर नहीं, कहा अब अवमानना की कार्रवाई झेलने को तैयार रहे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर हलफनामों को स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि माफीनामा तब भेजा है जब उनकी गलती पकड़ ली गयी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। हम इसे जानबूझकर किया गया उल्लंघन और वचनबद्धता का उल्लंघन मानते हैं। आपको अदालत के आदेश का उल्लंघन करने का परिणाम भुगतना होगा। कोर्ट ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं, पूरी चीज को देख और समझ रहे हैं। आपको अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल तय की है। सीनियर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बाबा रामदेव और पतंजलि का पक्ष रखते हुए कहा कि हमें 10 दिन का वक्त दीजिये और फिर अगली सुनवाई में बात करते हैं। अदालत ने कहा कि हम आपकी बात से सहमत नहीं है। हम इस माफी को खारिज करते हैं। इस पर दरअसल योग गुरु रामदेव ने पहले ही इस मामले में माफी मांग ली थी और अदालत में कहा था कि इन विज्ञापनों पर रोक लगायेंगे। इसके बाद भी ये विज्ञापन जारी रहे, जिस पर अदालत ने सख्त रुख अपना लिया है। कोर्ट ने कहा, अब हम आपकी माफी को खारिज करते हैं और इसके बाद के ऐक्शन के लिए तैयार रहिए। **(शेष 11 पर)**

### केंद्र से तीखे सवाल



शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से भी तीखे सवाल पूछे थे और कहा था कि हम हैरान हैं कि आखिर वह कैसे आंखें बंद किये रही। इस पर केंद्र सरकार ने जवाब दिया था कि यदि जादुई उपचार की बात किसी विज्ञापन में की जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्यों के पास पर्याप्त अधिकार हैं। हमने कानून के मुताबिक फैसला लिया। केंद्र सरकार ने कहा कि पतंजलि ने कोरोना से निपटने के लिए कोरोनिल दवा तैयार की थी। इसे लेकर जब विज्ञापन की बारी आयी तो पतंजलि से कहा भी गया था कि वह तब तक ऐसे विज्ञापन न निकाले, जब तक मामले का परीक्षण आयुष मिनिस्ट्री कर रही है।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्रामीण विकास विभाग भुगतान को हुआ रेस

# कंप्यूटर ऑपरेटरों का बकाया मानदेय भुगतान 24 घंटा में करने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा अंतर्गत नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों का बकाया भुगतान 24 घंटे के अंदर करने का आदेश दिया है। भुगतान के बाद इसका अनुपालन प्रतिवेदन भी देने को कहा है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी आगामी 16 अप्रैल को हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर भुगतान की जानकारी भी देंगी। बकाया भुगतान प्रखंड स्तर पर संधारित किसी अन्य मद की राशि से करने का आदेश भी दिया गया है।

ऐसे में तत्काल राशि का भुगतान किया जायेगा। चतरा जिले के करीब 24 कंप्यूटर ऑपरेटरों को जून 2022 से मार्च 2024 तक 22 माह का बकाया मानदेय का भुगतान किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग के आदेश के बाद चतरा डीडीसी ने उक्त कार्यालय आदेश के आलोक में प्रखंड स्तर से बकाया भुगतान करते हुए भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मुख्य प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा जिला (गिद्धौर, इटखोरी, कानहाचट्टी एवं चतरा ) को छोड़कर आदेश दिया है। डीडीसी ने दो अप्रैल 2024 को विजेयता तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार के वाद में पारित आदेश का उल्लेख किया है और कहा कि अविलंब आदेश के अनुपालन करने की दिशा में कार्रवाई कर बकाया भुगतान करें।

### एक-एक ऑपरेटर को मिलेगा 2.31 लाख रुपये

प्रतापपुर प्रखंड ने इस दिशा में फाइल भी बढ़ा दी है। एक कंप्यूटर ऑपरेटर को 10,500 रुपये प्रतिमाह मिलता है ऐसे में 22 माह के बकाया उसे 2.31 लाख रुपये दिए जायेंगे। इस प्रखंड में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज कुमार व आलोक कुमार को बकाया भुगतान के लिए 4.62 लाख रुपये राशि आवंटित करने का अनुरोध किया गया है, संभवत: कल तक यह राशि उनके खाते में भेज दी जायेगी। इसी तरह अन्य ऑपरेटर को भी राशि भेजी जायेगी।

### हजारों कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नौकरी खतरे में

बताया जा रहा है कि राज्य में हजारों कंप्यूटर ऑपरेटरों की नौकरी जा सकती है। सृजित पद के विरूद्ध जिनकी नियुक्तियां नहीं हुई है उनके कार्यों का आकलन करने के बाद उन्हें पद से हटाया जा सकता है। संविदा पर नियुक्त हजारों कर्मियों की नौकरी इसमें जा सकती है। चतरा जिले में भी ऐसे ऑपरेटरों को चिन्हित किया जा रह है, जिन्हें काम से हटाया जायेगा।


### क्या है मामला

बताते चलें कि दो अप्रैल 2024 को झारखंड हाईकोर्ट ने मनरेगा कर्मियों को बकाया भुगतान देने का आदेश दिया था। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने मानदेय का भुगतान कर मनरेगा आयुक्त को शपथ पत्र दायर करने को कहा है। अदालत ने कहा था कि जब प्रार्थी काम कर रहे हैं और विभाग उनसे काम ले रहा है, तो जून 2022 से उनके मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया गया? मामले में विजेता तिवारी और 11 अन्य ने याचिका में कहा है कि प्रार्थी चतरा जिले में ग्रामीण विकास विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। 2007 से सभी अपनी सेवा दे रहे हैं, लकिन जून 2022 के बाद से उहें मानदेय नहीं दिया जा रहा है।

## चाईबासा के बूथों का किया औचक निरीक्षण

# सभी बूथों पर उपलब्ध करायें सभी न्यूनतम सुविधाएं: के. रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चाईबासा विधानसभा क्षेत्र तहत कई बूथों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधा यथा- शौचालय, रनिंग वाटर, पेयजल, बिजली, चार्जिंग सॉकेट सहित अन्य बिजली उपकरण, फर्नीचर की उपलब्धता आदि का जायजा लिया गया। इस क्रम में मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ से प्राप्त हुए नए प्रपत्र-6 के अद्यतन स्थित के अलावा वोटर लिस्ट में अब्सेंटी वोटर, दिव्यांग वोटर व बूथ अवेयरनेस ग्रुप और अन्य विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर दिखीं कमियों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने सहित शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने तथा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केन्द्रों पर भी रैंप, रनिंग वाटर, बिजली, पंखा, फर्नीचर, मोबाइल चार्ज सॉकेट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा वृद्ध एवं विकलांग मतदाताओं को बूथ तक लाने-ले जाने को सहयोग कर्मी एवं वाहन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये।

## मनरेगा में लोकपाल के अवधि विस्तार की फाइल अटकी

**रांची।** मनरेगा में नियुक्त लोकपाल की कार्य अवधि समाप्त हो रही है। दिसंबर 2021 में राज्य के 24 में 19 जिलों में लोकपाल की नियुक्ति की गयी थी। जानकारी के अनुसार इनकी नियुक्ति सभी जिलों में दो साल के लिए की गयी थी, काम से संतुष्ट होने के बाद एक साल का अवधि विस्तार भी इन्हें दिया जा सकता है। ग्रामीण विकास विभाग ने सभी लोकपाल के एक साल के अवधि विस्तार की फाइल बढ़ायी थी, जिसकी मंजूरी सरकार से ली जानी थी। इस बीच लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। ऐसे में इनका एक्सटेंशन भी फिलहाल लटक गया है। ऐसे में इनका मानदेय भी संकट में है।

**इनका फंसेगा मानदेय** : कल्पना झा, भुपेंद्र श्रीवास्तव,राजेंद्र प्रसाद साहब, पूनम कुमारी, सनत कुमार महतो, अरूणाभा कर, सुशील तिवारी, संतोष पंडित, तमन्ना परवीन, धरनीधर प्रसाद सिन्हा, रेणु वर्मा,तापेश्वर कुमार, डॉ. सुदेश्वर प्रसाद, विनोद प्रमाणिक, गोपी प्रसाद गुप्ता, शंकर कुमार,पुष्पलता जायसवाल, पुष्पा कुमारी।

## खबर एक नजर में

### नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

**रांची।** रांची समेत छह जिलों में नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा। इससे संबंधित आदेश गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। लातेहार, गढ़वा, चाईबासा, रांची, गुमला और खूंटी जिले में नक्सली हिंसा में मारे गए छह लोगों को मुआवजा मिला। इसे लेकर संबंधित जिले के डीसी को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। सभी लोगों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा।

### टेरर फंडिंग के आरोपी प्रेम विकास की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। वह साल 2020 से जेल में है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात 22 मार्च को आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को अदालत ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। इससे पूर्व याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से दलीलें दी गई कि याचिकाकर्ता टीपीसी के लिए कोयला खनन क्षेत्र से जबरन वसूली के माध्यम से नाजायज स्रोतों से धन एकत्र किया। अन्य सदस्यों के साथ मिलकर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर भय पैदा कर स्थानीय व्यापारियों और डीओ धारकों से लेवी वसूलने में संलिप्त था। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें दी कि इसी मामले के आरोपी सुदेश केडिया, संजय जैन, महेश अग्रवाल, अजय कुमार, अजीत कुमार ठाकुर और सुभान मिया को ऊपरी अदालत से जमानत मिल चुकी है। दोनों की पक्ष सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

### हाईकोर्ट ने डीएसपी से पूछा- हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में कैसे लायेंगे सुधार



**रांची।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुयी। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में हजारीबाग के ट्रैफिक डीएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे हजारीबाग में ट्रैकिंग व्यवस्था में सुधार के लिए उठाए गए कदम पर चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हजारीबाग शहर में अवैध पार्किंग को हटाया जाना जरूरी है। सुनवाई के दौरान ट्रैफिक डीएसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 4 अप्रैल को हजारीबाग जिला प्रशासन की एक बैठक हुई है जिसमें हजारीबाग में आने वाले समय में राजधानी रांची की तरह ट्रैफिक लाइट सहित सुगम यातायात की व्यवस्था बहाल करने पर विचार हुआ है। कोर्ट में ट्रैफिक डीएसपी को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का छूट प्रदान की है।

# ढुल्लू ने बेटे के नाम पर खरीदी दो करोड़ की जमीन : सरयू राय

### लगाया आरोप

**तीन अलग-अलग रजिस्ट्री के अनुसार है 80 डिसमिल जमीन**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने एक बार फिर से ढुल्लू महतो पर हमला बोला है। विधायक ढुल्लू महतो धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी हैं। सरयू राय ने भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित राष्ट्रीय और राज्य नेताओं को ढुल्लू महतो द्वारा खरीदी गई जमीन का विवरण उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया है कि ढुल्लू महतो ने अपने 20 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार के नाम पर वर्ष 2022 में 2.06 करोड़ की जमीन खरीदी है।

**रजिस्ट्री के दस्तावेज है उपलब्ध**

सरयू राय ने कहा है कि इन भूखंडों की रजिस्ट्री के दस्तावेज की प्रति मेरे पास उपलब्ध है। तीन अलग-अलग की गई रजिस्ट्रियों के अनुसार खरीदे गये भूखंडों का क्षेत्रफल करीब 80 डिसमिल है। ये भूखंड धनबाद के नवाडीह में स्थित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, खास कर झारखंड प्रदेश के प्रभारी को स्पष्टीकरण देना चाहिये।

### पांडेय गिरोह का कुख्यात सक्रिय अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एटीएस ने पांडेय गिरोह के कुख्यात सक्रिय अपराधी को ओड़िशा के बालासोर से गिरफ्तार किया है। करीब 6 वर्षों से फरार गोविंद राय 25 हजार का इनामी अपराधी है। गोविंद राय की गतिविधियों पर कई दिनों से आतंकवादी निरोधक दस्ता (एटीएस) निगाह रख रही थी। रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित सौदागर मुहल्ला निवासी गोविंद राय पांडेय गिरोह का कुख्यात सक्रिय सदस्य है। 15-16 दिनों पहले जेल में बंद कुख्यात अपराधकर्मी पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के निर्देश पर गुड़गांव, हरियाणा के व्यवसायी सचिन मुंजाल की हत्या कर दी गई थी। गोविंद राय के पास से एक स्कॉर्पियो, 3050 रुपये, दो मोबाईल और तीन सीम पुलिस ने बरामद किया है।

## शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी का मामला

# कपिल सिब्बल ने मांगा समय, कहा स्वतः संज्ञान के खिलाफ राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल की है एसएलपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअली राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिये गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है, इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल निर्धारित की है।

दरअसल, पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के प्रार्थी एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाए।

**हाईकोर्ट ने प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम इस केस से हटाकर लिया है स्वत: संज्ञान**

**क्या है मामला :** पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपए नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपए भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपए हुआ करता था। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपया जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था।

# लोकपाल के आदेश को जेएमएम ने दिल्ली हाई कोर्ट में दी चुनौती, याचिका दाखिल

### 23 अप्रैल को सुनवाई होने की है संभावना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में सत्ताधारी दल जेएमएम के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े लोकपाल के उस आदेश को पार्टी ने चुनौती दे दी है, जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोकपाल के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट का रुख करते हुए याचिका दाखिल की है। जिसपर 23 अप्रैल को सुनवाई हो सकती है। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल के माध्यम से दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

गौरतलब हो कि 22 फरवरी को लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया है। बीजेपी के गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। गोड्डा से बीजेपी सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने राज्यसभा सांसद व झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था।

# कांग्रेस महासचिव ने पीएम पर बोला हमला महंगाई-बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं करते

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। राकेश सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री दुनिया के हर विषय पर भाषण देते हैं लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आमदनी, महिला पहलवानों के यौन शोषण पर कोई चर्चा नहीं की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते हैं लेकिन देश की अर्थव्यवस्था खतरें में है। वित्तीय और निवेश सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की ताजा रिपोर्ट यह बताती है कि घरेलू ऋण का स्तर सकल उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। घरेलू बचत भी 47 साल के निचले स्तर तक पहुंच गई है। पैसा बचाना तो दूर भारतीय परिवार धीरे-धीरे कर्ज में डूबता जा रहा हैं। महंगाई-बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री चुप हैं। किसान सड़कों पर हैं और प्रधानमंत्री जी अपने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में मशगूल हैं।

### प्रधानमंत्री से पूछा पांच सवाल, मांगा जवाब



बीफ कंपनियों से प्रधानमंत्री इलेक्टोरल बॉन्ड से 250 करोड चंदा क्यों लिया?, महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी, बृजभूषण की गिरफ्तारी अभी तक क्यों नहीं हुई?, रक्षा बजट में कटौती क्यों की गई?, एलओसी पर भारत अपने 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइन्ट पर नहीं जा सकता है, क्योंकि वह बफ्फर जोन बना दिया गया। इसकी वजह से हमारी जमीन चीन के प्रभुत्व में चली गई।, अग्निवीर की जगह स्थायी नियुक्ति क्यों नहीं की गई?


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग**
**Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2024–2025**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौपारण प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 2 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 3 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, दरिया में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 16,85,850.00 | 33,800.00 | 5,000.00 | 20 Days |
| 4 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, डुमरौन में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 5 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 7 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, भायाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, शांति नगर, गैड़ा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिलाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 9 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरियो में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 18.04.2024 को पूर्वाह्ण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 19.04.2024 पूर्वाह्ण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 19.04.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 323726 Water Resource(24-25).D


## 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या ने कांग्रेस में फूंकी थी जान, 89 से हो गयी बे 'जान'

# क्या जमशेदपुर में इस बार विद्युतवरण महतो को जीत की हैट्रिक लगाने से रोक पायेगा झामुमो?

सुधीर

**रांची।** कुरमी नेता विद्युत वरण महतो दो बार से लगातार झारखंड के जमशेदपुर लोकसभी सीट से भाजपा के सांसद हैं। भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान जीत का हैट्रिक मारने की तैयारी में लगे हैं। क्या? इस बार जमशेदपुर की हॉट सीट से झामुमो इन्हें हैट्रिक बनाने से रोक पायेगा। बताते चलें कि एक ओर एनडीए से भाजपा और दूसरी ओर से इंडिया गंठबंधन से झामुमो है। गठबंधन की ओर से इस बार यह सीट झामुमो के खाते में गयी है। इस बार इंडिया गठबंधन के पास विद्युत वरण महतो को हैट्रिक बनाने से रोकने का एक बड़ा कारण है। कुरमी समाज प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा से नाराज चल रहा है। अगर ऐसे में झामुमो ने वहां पर दमदार प्रत्याशी उतारा, तो निश्चित तौर पर वह विद्युत वरण महतो को हैट्रिक बनाने से रोकने में सफल हो जाएगा।

**84 के बाद से जमशेदपुर में गुम हो गयी कांग्रेस** : झारखंड में जमशेदपुर सीट पर 1989 से पहले कांग्रेस की तूती बोलती थी। इसके बाद से इसके बाद से जमशेदपुर में झामुमो और भाजपा का ही दबदबा रहने लगा। वैसे 1984 से ही जमशेदपुर से कांग्रेस की नैया डूबनी शुरू हो गयी थी लेकिन 84 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति लहर में कांग्रेस के गोपेश्वर ने झामुमो के भारी-भरकम कुरमी नेता शैलेंद्र महतो को मात दे दी। अंततः अंतिम बार कांग्रेस वहां सन 84 में ही जीत पायी। आजादी के बाद जमशेदपुर सीट से आठ बार कुरमी एवं आठ बार गैर कुरमी सांसद बने। जमशेदपुर में करीब 5 लाख कुरमी और 3 लाख के करीब आदिवासी मतदाता ही किसी भी प्रत्याशी की जीत-हार तय करने में अहम भूमिका अदा करते हैं।

### 1989 में झामुमो के शैलेंद्र महतो जीते थे

1989 के आम चुनाव में झामुमो ने फिर से कुरमी नेता शैलेंद्र महतो को उम्मीदवार बनाया। उन्होंने कांग्रेस के उस समय के बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे चंदन बागची को हरा दिया। इसके बाद कांग्रेस ने वहां से कभी वापसी नहीं की। 1989 के बाद से आठ बार यहां से कुरमी ही विजयी होते आए हैं। यहां जो सिलसिला शैलेंद्र महतो से शुरू हुआ। वह केवल 2009 के आम चुनाव और 2011 के उपचुनाव में टूटा। 2019 में झामुमो ने वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को मैदान में उतारा। 2014 में टाटा स्टील के अधिकारी रहे निरूप मोहंती को टिकट दिया, लेकिन दोनों चुनाव में झामुमो की हार हुई।

### 2009 में अर्जुन मुंडा और 2011 के उपचुनाव में गैर कुरमी को ताज

भाजपा ने पहली बार नया प्रयोग करते हुए पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा को 2009 में चुनाव मैदान में उतारा। अर्जुन मुंडा पहली बार आदिवासी के रूप में वहां से चुनाव जीते। लेकिन बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री बनाए जाने के कारण इस्तीफा दिया और 2011 में उपचुनाव हुए। इस समय भी पूर्व आईपीएस डॉ. अजय कुमार को पूर्ववर्ती झाविमो प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने मैदान में उतारा और विजयी रहे। वहीं 1996 में भाजपा ने महाभारत में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नीतीश भारद्वाज को मैदान में उतारा। इन्होंने शैलेंद्र महतो को हराया।

### सुनील महतो ने भाजपा को हैट्रिक से रोका था

2004 में झामुमो ने जमशेदपुर से सुनील महतो को प्रत्याशी बनाया था। सुनील महतो ने भाजपा की आभा महतो को हैट्रिक बनाने से रोक दिया था। इतना ही नहीं 1991 के बाद पुनः सुनील महतो ने यह सीट झामुमो के खाते में डाल दी। 2007 में सुनील महतो की हत्या के बाद झामुमो ने उनकी पत्नी सुमन महतो को टिकट दिया। सहानुभूति की लहर में सुमन महतो जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इसके बाद 2009 में सुमन महतो भाजपा के अर्जुन मुंडा से हार गयीं।

## मां का तीसरा रूप चंद्रघंटा

पिंडजप्रवरारूढा,चंडकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।



अर्थात श्रेष्ठ सिंह पर सवार और चंडकादि अस्त्र शस्त्र से युक्त मां चंद्रघंटा मुझ पर अपनी कृपा करें। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे रूप चंद्रघंटा देवी के वंदन, पूजन और स्तवन करने का विधान है। इन देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्ध चंदमा विराजमान है इसीलिए इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। इस देवी के दस हाथ माने गये हैं और ये खड्ग आदि विभिन्न अस्त्र और शस्त्र से सुसज्जित हैं। ऐसा माना जाता है कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मन को अलौकिक शांति प्राप्त होती है और इससे न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी परम कल्याण की प्राप्ति होती है।

# चांद का हुआ दीदार, आज मनेगी ईद ईदगाहों और मस्जिदों में होगी नमाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एदारे शरिया झारखंड और इमारते शरिया झारखंड ने चांद देखने की औपचारिक घोषणा कर दी है। चांद का दीदार होने के साथ ही ईद की खुशियां शहर की फिजां में घुल गई। मस्जिदों में ईद नमाज से संबंधित एलान हुए, जबकि सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लगा रहा। लोग एक दूसरे को ईद की चांद की बधाई देते रहे। ईद का चांद देखे जाने के बाद आज गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह नमाज अदा की जाएगी। रमजान के मुकद्दस महीने की 30 तारीख को देखते हुए बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद दरगाह में एदारा ए शरिया की बैठक मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी की सदारत में हुई। तो इमारत शरिया झारखंड की बैठक इमारत शरिया बिल्डिंग में मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी की सदारत में हुई। वहीं खानकाह मजहरिया मुनामिया फिरदौस नगर डोरंडा में अल्लामा मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी की सदारत में हुई। सभी ने चांद होने की खबर की पुष्टि की और ईद के चांद की घोषणा कर दी।



**देर रात तक होती रही खरीदारी :** ईद का चांद का ऐलान होते ही बाजारों में उमड़ी भीड़। हर कोई खरीदारी करते नजर आए। सेवई, लच्छा की दुकानों में भीड़ रही। कपड़ा की दुकान, राशन दुकान, पानी पूरी ठेला, मेवाड़, आदि सभी जगहों पर भीड़ रही। देर रात तक होती रही खरीदारी।

**महिलाएं पकवान बनाने में जटी रहीं :** चांद का ऐलान होते ही मुस्लिम घरों में महिलाओं ने पकवान बनाने में जुट गई। छोला चाट, पानी पूरी, दही बाड़ा, बिरयानी, पुलाओ, हलवा, लच्छा, सेवई, गुलाब जामुन आदि पकवान बनाने में जुटी रही।

### इबादत करने में कामयाब होने वालों को ईद की शक्ल में मिलता है ईनाम



**रांची।** ईद, मुसलमानों का सबसे बड़ा त्यौहार है। ईद मुशर्रत और सादमानी का पैगाम है और खुदा की तरफ से बंदे के लिए इनाम है। ईद आसमानी तोहफा है जो हुजूर की उम्मत को इनाम के तौर पर खुदा की तरफ से दी गई है। अल्लाह तआला ने रमजान माह के मुबारक महीने में इबादत करने में कामयाब होने वालों को भी उसी तरह ईद की शक्ल में इनाम देते हैं। ईद सामूहिकता और भाईचारे का दूसरा नाम है। आदमी चाहे कि वह ईद की नमाज अकेले अदा कर ले तो यह संभव नहीं है।

# प्रकृति का पर्व सरहुल आज

## शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों को मिला पुरस्कार





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल की पूरी तैयारी कर ली गई है। बुधवार को हातमा समेत अन्य सरना स्थल में पाहनों द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से पूजा की गयी। शाम सात बजे रांची के सरना स्थल में मिट्टी के घड़े में जल भराई की रस्म की गयी। वहीं आज सुबह में घड़े में जल को देखकर बारिश की भविष्यवाणी की जाएगी। जगलाल पाहन ने कहा कि आज आदिवासी समाज जल जंगल, नदी नाला, पशु पक्षी का पूजा करते हैं। आदिवासी समाज सरहुल पर्व में प्रकृति की पूजा करते आ रहे हैं।

सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन दीक्षांत मंडप मोराबादी में किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सरहुल प्रकृति से जुड़ा पर्व है। सरहुल प्रकृति को बचाने और प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने का संदेश देता है। वहीं, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति ने सरहुल पर कहा कि सरहुल का शाब्दिक अर्थ है साल की पूजा। इस त्योहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है। इस त्योहार को मनाए जाने के बाद ही नई फसल का उपयोग मुख्य रूप से धान, पेड़ों के पत्ते, फूलों और फलों के फल का उपयोग किया जाता है।

### तीन आकर्षक झांकियों को मिलेगा पुरस्कार

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा के आकर्षक झांकियां को 1.75 लाख रुपया दिया जाएगा। जिसमें पहला पुरस्कार एक लाख, दूसरा 50 हजार और तीसरे को 25 हजार दिया जाएगा।

# श्रीसत्यदेव धाम मंदिर में कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आज से



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वृंदावन कॉलोनी चिरौंदी बोरिया रोड स्थित श्रीसत्यदेव धाम मंदिर का पांच दिवस प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन गुरुवार से किया जा रहा है। यह जानकारी मंदिर के संस्थापक सदानंद गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 701 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकली जायेगी जो नगर भ्रमण करते हुए ब़ोरिया नदी तक जायेगी और जल भरकर वापस मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालु वापस आयेंगे। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में महाकाल के साथ दुर्गा मां, हनुमानजी, शीतला माता, श्रीराधे कृष्णा, भैरव बाबा, श्रीगणेश लक्ष्मी माता को एक साथ स्थापित किया जायेगा। इस समारोह का समापन भंडारे के साथ किया जायेगा।

# रामनवमी को भव्य तरीके से मनायें रांचीवासी: सीपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा रांची के सभी अखाड़ेधारी को चैंबर भवन स्थित हाल में बुधवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची विधायक सीपी सिंह ने अखाड़ेधारियों को इस वर्ष रामनवमी बड़े ही धूमधाम के साथ भव्य और मर्यादित ढंग से मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह पहला रामनवमी है, जब भगवान श्री राम लाला अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तो उनका महोत्सव भी भव्य होना चाहिए। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक अजय बथवाल, अमरेंद्र सिंह पप्पू, अजीत सहाय, रंजन सिंह, डॉक्टर दिलीप सोनी, रमेश बाली, श्यामानंद पांडे, बजरंग वर्मा, शंभू प्रसाद, प्रवीण लोहिया, राजेश्वर राजन, प्रदीप राय बाबू, ललित चौधरी, रोहित शारदा, नवजोत सिंह अलांग, महेश सोनी रविंद्र वमा, रवि प्रकाश टुन्ना, अमरनाथ सरकार, रोहित पांडे, राहुल सिन्हा चंकी, अमित गुप्ता, विक्रांत विश्वकर्मा, निशांत मासूम, रवि सोनी, अमन जयसवाल, राकेश चौधरी, बादल सिंह, पिंटू दुबे, समीर सिंह, अमन कुमार सिंह, अटल पांडे, आशुतोष सिंह, रमेश सिंह, युवराज पासवान, सुशील दुबे, अनिल प्रधान, अजय कुमार शर्मा, प्रकाश चंद्र सिंह, अमित सोनी, भजन तिवारी, बलराम प्रसाद, अजीत ओझा, डॉ प्रेम सोनी सम्मिलित थे।

## सरहुल को लेकर जिला प्रशासन ने सरना स्थलों का किया निरीक्षण

# शोभायात्रा में ध्वनि प्रदूषण न होने पाये अन्यथा की जायेगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरहुल पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने शहर के विभिन्न सरना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण ना हो, इसको लेकर सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक करने और लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन कराने को कहा है। उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है। निरीक्षण के दौरान राजेश्वर नाथ आलोक के अलावा अपर प्रशासक रांची नगर निगम सौरभ प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक के. वी रमन, रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, सूरज प्रकाश चौधरी, उप समहर्त्ता जिला नजारत, अन्य संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**सरना स्थलों पर अव्वल दर्जे की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश**
निरीक्षण के क्रम में प्रशासन की टीम सिरमटोली, सरना टोली व हातमा स्थित सरना स्थल पहुंची और सरना समितियों से बेहतर व्यवस्था को लेकर बातचीत की। इस दौरान समिति ने अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) को सरना स्थलों के समतलीकरण, लाइट, सड़क, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर करने का सुझाव दिया गया। सरना स्थलों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों ने खाका (योजना) तैयार किया है। साध ही संबंधित पदाधिकारियों को सरना समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरना स्थलों पर अव्वल दर्जे की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

**किसी को परेशानी ना हो, इसका रखा जायेगा खास ख्याल :** राजेश्वर नाथ आलोक ने कहा कि आपसी समन्वय के साथ सरहुल पर्व की सभी तैयारियां ससमय पूरी हो जाये, जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा। सरना स्थलों पर आये श्रद्धालु सुगम तरीके से अपने-अपने घर जा सके। श्रद्धालु को आने-जाने में काई परेशानी ना हो, इसका भी खास ख्याल रखा जायेगा।





श्री सप्तदेव धाम
प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
वृन्दावन कॉलोनी, चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची

11 अप्रैल
जल यात्रा, पंचाग पूज्य, मण्डप प्रवेश, जलाधिवास एवं संध्या आरती। (कलश यात्रा : सुबह सात बजे से )

12 अप्रैल
वेदी पूजन, अग्नि स्थापना, अन्नाधिवस एवं संध्या आरती।

13 अप्रैल
वेदिपूजन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, भिष्ठान एवं औषधी।

14 अप्रैल
वेदी पूजन , महास्नान, शिखर स्नान, नगर भ्रमण, नयास एवं आरती।

दुर्गा मां, हनुमान जी, शीतला मां, श्री राधे कृष्ण, भैरव बाबा एवं श्री गणेश-लक्ष्मी माता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन दिनांक 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किया जाएगा

अतः सभी नगरवासियों एवं भक्तों से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर इसे सफल बनायें और पुण्य के भागी बनें।

Name: SHREE SAPTDEO DHAM TRUST
Pay Directly to: ssdt@indianbk

दान दाताओं से आग्रह है, मंदिर निमार्ण में सहयोग करना चाहते हैं तो ट्रस्ट के स्कैनर पर स्कैन कर के भी दान देकर पुण्य के भागी बनें।

15 अप्रैल : वेदीपूजन, प्राण-प्रतिष्ठा, (10 बजे से 11 बजे तक) हवन पूजन हुति, आरती एवं भंडरा दोपहर एक बजे से।

खबर एक नजर में

## लापता युवक का बड़ा तालाब में मिला शव

रांची। कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब से युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के सेकेंड स्ट्रीट निवासी मोहम्मद शमसाद आलम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा कि युवक तीन दिनों से लापता था।

## खूंटी में भारी मात्रा में अफीम, डोडा बरामद

खूंटी। पुलिस अधीक्षक खूंटी को 9 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली थी कि अड़की थाना क्षेत्र के लुपुंगडीह में पुआल एवं झाड़ी में अवैध रूप से अफीम जैसा गिला पदार्थ एवं डोडा को छिपा कर रखा गया है। इस पर गठित छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए लुपुंगडीह में बुधराम मुंडा के घर से करीब 20 मीटर की दूरी पर स्थित खलिहान के पास पुआल में छिपाकर रखा गया 1.500 किलो ग्राम अवैध अफीम व उसी इलाके में झाड़ी में छिपाकर रखे गए 17 बोरा में कुल 187 किलो ग्राम अवैध डोडा बरामद किया।

## पीएलएफआई के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

रांची। खूंटी पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अड़की थाना के कोचांग, तुबिल, मुचिया एवं डोल्डा क्षेत्र में पीएलएफआई दस्ता के होने की सूचना के बाद अड़की पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों की गिरफ्तार किया है। डीएसपी खूंटी वरुण रजक ने बताया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर लम्बु उर्फ राडुंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा के दस्ता के कुछ लोग लेवी का पैसा वसूलने के लिए आने वाले हैं।

## मगबंधु का लघुकथा विशेषांक का लोकार्पण 14 को

रांची। मग जागृति फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित मगबंधु अखिल त्रैमासिक पत्रिका के नवीनतम अंक लघुकथा विशेषांक बाजार में जारी हो गया है। इस पत्रिका का लोकार्पण कार्यक्रम आगामी 14 अप्रैल को इंद्रपुरी में होगा। पत्रिका के संपादक डॉ सुधांशु शेखर मिश्रा ने बताया कि यह अंक लघुकथा विशेषांक के रूप में प्रकाशित हो रहा है। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों के मग महिला .पुरुष कथाकारों की रचनाएं संकलित हैं। मालूम हो कि राष्ट्रीय स्तर की मग समाज को समर्पित विशिष्ट सामाजिक पत्रिका 'मगबंधु का प्रकाशन पिछले 19 वर्षों से नियमित रूप से हो रहा है। इसमें प्रत्येक अंक एक विषय केंद्रित होते हैं।

## अर्चित आनंद को मिट्टी का धरोहर सम्मान मिला



रांची। अंतरराष्ट्रीय संस्था आवर मिट्टी फाउंडेशन ने अर्चित आनंद को नई दिल्ली के लोककला मंच में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अर्चित जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण पर पिछले बीस वर्षों से देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर झारखंड काम कर रहे हैं। इस अवसर पर अर्चित आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सुमन, डॉ ज्वाला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मेडिका ने 94 वर्षीय बुजुर्ग की दोनों आंखों का ऑपरेशन कर रौशनी लौटायी



रांची। भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, रांची में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिंद अनुराधा ने अशोक नगर निवासी 94 वर्षीय बुजुर्ग अनंत प्रसाद की दोनों आँखों का सफल ऑपरेशन 1 माह के अंदर किया। 94 वर्षीय बुजुर्ग की दोनों आँखों में 100 प्रतिशत रौशनी आगयी है। वे कई रोगों से पीड़ित भी थे। बुजुर्ग व्यक्ति सर्जरी के बाद एक दिन की अवधि में बिल्कुल स्वस्थ होकर खुशी से टीवी देख रहे हैं। कई नेत्र सर्जनों ने सर्जरी के लिए मना कर दिया था, चूँकि मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल है, ओटी कॉम्प्लेक्स आईसीयू से जुड़ा है, आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के कारण विभागाध्यक्ष डॉ अनिंद अनुराधा ने सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला लिया।

## केंद्रीय सरना संघर्ष समिति ने की पूजा



रांची। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति सह हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पिस्का मोड़ सत्यारी सरना स्थल में सोमरा पहान, भुनु पहान, जोगेंद्र पहान के अगुवाई में पारंपरिक रिती रिवाज एवं पूजा विधि विधान से किया गया। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि प्राकृतिक हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है, प्राकृति के बिना हमरा जीवन अधूरा है, प्राकृति के साथ छेड़ छाड़ करने से तरह-तरह के आपदा का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए हम सभी को प्राकृतिक को संयोज कर रखना हम सभी का कर्तव्य ही नहीं हमारा धर्म भी है।

## 18 मई को रवाना होगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

रांची। आयोध्या में रामलला समेत कई धार्मिक स्थल के भ्रमण के लिए आईआरसीटीसी 18 मई को भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन को रवाना करेगा। नौ दिन के इस सफर में वैष्णो देवी, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन व अयोध्या में रामलला के दर्शन किए जा सकेंगे। इतने दिन के सफर के लिए एक व्यक्ति को 17,900 रुपया देना होगा। आईआरसीटीसी की ओर से इन पैसों में रहने से लेकर खाने तक की सारी सुविधाएं दी जाएगी। ट्रेन 18 मई को न्यू जलपाईगुड़ी से रवाना होगी और 26 मई को वापसी करेगी। आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर जाकर बुकिंग करायी जा सकती है।


## श्री महावीर मंडल के पदाधिकारी और कार्य समिति की प्रथम बैठक में हुए कई निर्णय



रांची। महावीर चौक स्थित केंद्रीय समिति के कार्यालय में श्री महावीर मंडल रांची की प्रथम कार्य समिति की बैठक मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आए हुए सभी पदाधिकारियों सहित कार्यसमिति के सदस्यों का अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने अभिनंदन व स्वागत किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र से टोला प्रभारी बनाया जाएगा। जिनके प्रमुख टोला सह प्रभारी व सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। टोला प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न अखाड़ाधारियों व मंडल के अधिकारियों संग बैठक बुलाकर उनके सुझाव और समस्या का समाधान कर महोत्सव को भव्य रूप देने में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मंडल के मंत्री दीपक ओझा ने आपसी सहमति से टोला प्रभारी के नामो की घोषणा की। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, राज किशोर, मंत्री दीपक ओझा, सह मंत्री उदय रविदास, गोपाल सोनी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, संजय कुमार जायसवाल, राकेश सिंह, बबलू यादव, उज्जवल प्रकाश, रोशन लाल यादव, प्रकाश चंद्र सिन्हा रुपेश कुमार बर्मन, राजकुमार गुप्ता, नकुल तिर्की, प्रदीप लकड़ा, रूपेश कुमार ,निशांत कुमार, ललित नारायण ओझा, पप्पू वर्मा थे।

## रांची सिटी डीएसपी हाई कोर्ट में हुए हाजिर, कोर्ट ने पूछा

# ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर गठित टास्क फोर्स ने क्या एक्शन लिया है?





कोर्ट ने कहा कि रांची में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर जनता को जागरूक करना जरूरी है, इसके लिए संचार माध्यमों जैसे एफएम रेडियो, न्यूज चैनल आदि की सहायता ली जा सकती है।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान एवं रांची शहर में बैंक्वेट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान रांची के सिटी डीएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि वर्ष 2019 में रांची में ध्वनि प्रदूषण को रोकने को लेकर टास्क फोर्स गठित की गई थी उसने क्या एक्शन लिया।

कोर्ट ने रांची शहर में ध्वनि प्रदूषण को रोकने को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में सिटी डीएसपी को अगली सुनवाई के पूर्व जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। इससे पहले कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2019 में एक टास्क फोर्स गठित किया गया था जिसमें एसडीओ, एसडीपीओ, रांची सिटी डीएसपी, रांची एसएसपी को रांची में ध्वनि प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी दी गई थी।

जिस पर कोर्ट ने टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में सिटी डीएसपी से पूछा कि टास्क फोर्स ने ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाया है। सुनवाई के दौरान सिटी डीएसपी की ओर से बताया गया कि 112 हेल्पलाइन नंबर में कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र में होने वाले ध्वनि प्रदूषण की शिकायत कर सकता है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर जनता को जागरूक करना भी जरूरी है, इसके लिए संचार माध्यमों एफएम रेडियो, न्यूज चैनल आदि का सहायता भी लिया जा सकता है। शहर के चौक चौराहों पर भी ध्वनि प्रदूषण कम करने के संबंध में जानकारी दी जानी चाहिए।

## रिम्स निदेशक हाईकोर्ट में हुए हाजिर

### कोर्ट ने पूछा-एमआरआइ मशीन सहित कितने मेडिकल उपकरण ठीक हैं और कितने खराब

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआई मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने आदि को लेकर दायर ज्योति शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में रिम्स के डायरेक्टर कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने 4 सप्ताह में विस्तृत शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि रिम्स में एमआरआई मशीन सहित कितने मेडिकल उपकरण चालू हालत में हैं और कितने खराब है। कोर्ट को बताया गया कि एक एमआरआई मशीन खराब है और दूसरी एमआरआई मशीन पब्लिक एंड प्राइवेट मोड में चल रहा है। कोर्ट ने डायरेक्टर से कुछ पूछा है कि रिम्स में क्या-क्या सुधार और किया जाना चाहिए इस पर भी वह जवाब दें। रिम्स डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया गया कि प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले रिम्स के डॉक्टरों का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। कोर्ट ने रिम्स डायरेक्टर से कहा कि रिम्स के मेडिकल विभागों को दुरुस्त कर रखने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं इस पर भी वे जवाब दें।

दरअसल, कोर्ट ने 13 मार्च को रिम्स डायरेक्टर को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि रिम्स में एमआरआई मशीन सहित कितनी चिकित्सा मशीन फंक्शनल है? कितनी मशीने अभी खराब है, मशीनों को चलाने के लिए टेक्नीशियन है या नहीं? इन सभी बिंदुओं पर कोर्ट ने जानकारी मांगी थी। लेकिन रिम्स डायरेक्टर की ओर से इस पर कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया था। इसके बाद मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए रिम्स डायरेक्टर को बुधवार को तलब किया था।

## साहित्योदय में नवरात्र सह राम जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

रांची। अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले 9 दिवसीय नवरात्र सह श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन शुरू हुआ। जिसमें देश-विदेश के रचनाकारों ने गीत कविता और भजन के माध्यम से नव संवत्सर का स्वागत और मां दुर्गा की आराधना की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि साहित्योदय हर अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है और पांचवे साल लगातार दशम नवरात्र महोत्सव का आयोजन कर रहा है। 9 से 17 अप्रैल तक हर दिन 9 अलग स?ालक होंगे। इससे पूर्व मार्चभर बसन्तोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। उन्होंने आगामी सितंबर माह में आयोजित होनेवाले शिवायन महोत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि जन रामायण और कृष्णायण की भांति शिवायण को भी ग्रंथ के रूप में घर-घर मान्यता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन रेणुबाला धार ने किया।

## सरहुल और ईद को लेकर बिजली वितरण निगम अलर्ट पर, कर्मियों की छुट्टी रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सरहुल पर्व और ईद को लेकर बिजली वितरण निगम अलर्ट मोड पर रहेगा। इस दौरान जेबीवीएनएल मुख्यालय की ओर से क्षेत्रीय आपूर्ति कार्यालयों को विशेष दिशा निर्देश दिया गया है। वहीं रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की ओर से भी कायार्पालक अभियंताओं को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। अपराह्न 12 बजे के बाद अलग-अलग इलाकों में स्थिति को देखते हुए बिजली काटने का आदेश दिया गया है। हालांकि सरहुल पर मुख्य जुलूस दोपहर 12 बजे के बाद निकाली जायेगी लेकिन सर्तकता को ध्यान में रखते हुए कायार्पालक अभियंता निर्णय लेंगे। सरहुल पर निकलनेवाली शोभायात्रा के दौरान इस बार ज्यादा देर तक पावर कट न रहे, इसके लिए डिविजन को बिजली काटने का अधिकार दिया गया है। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो डिविजन में मौजूद कार्यपालक अभियंता सरहुल शोभायात्रा निकलने से लेकर उसके समापन तक पर नजर रखेंगे। इस कारण से सभी की छुट्टी रद्द कर दी गयी है।

इसी दौरान ईद भी है। ऐसे में ईद के मद्देनजर सरहुल शोभायात्रा के दौरान अलग-अलग इलाकों में कनीय विद्युत अभियंता ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर बिजली काटने और इसे बहाल करने से जुड़ा निर्णय लेंगे। बिजली संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के लिए सरना समिति के सदस्य अभियंताओं के संपर्क में रहेंगे। वहीं, शोभायात्रा के दौरान एलटी केबल के संपर्क में आने से क्षति न पहुंचे, इसके लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस दौरान मुख्य रूप से मेन रोड, रातू रोड, कचहरी, शहीद चौक, हरमू, किशोरगंज, कांके, कोकर, चुटिया, लोआडीह, तुपूदाना, नामकुम समेत अन्य इलाकों में बिजली आपूर्ति और कटौती पर नजर रखी जायेगी।

## पिछड़ी जाति के अधिकारों पर हो रही राजनीति : राजेंद्र

रांची। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के फॉर्मर सदस्य सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड सरकार अधिकारियों पर सख्ती बरते तो एक महीने के अंदर ट्रिपल टेस्ट संभव हो सकता है। उन्होंने बताया कि रघुवर सरकार के कार्यकाल में ही पिछड़ी जातियों के जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने के लिए सभी जिला को आदेश दिया गया था। श्री प्रसाद ने बताया कि प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से 2019 में ही पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने के लिए सभी जिला को कहा गया था। तब वे आयोग की ओर से विभिन्न जिलों के उपायुक्तों और जिला अधिकारियों से जानकारी मांगी थी। श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड में पिछड़ी जाति की अधिकारों को लेकर सिर्फ राजनीति हो रही है। मैं होता तो एक महीने में ट्रिपल टेस्ट कराकर दिखा देता।

## राज्यपाल से मिले रांची विवि के वीसी



रांची। राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो० अजीत कुमार सिन्हा ने राज भवन में बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

## राज्यपाल से मिलीं अपना स्कूल की निदेशक

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को अपना स्कूल, चंदनकियारी, बोकारो की निदेशक रश्मि सिन्हा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की तथा विद्यालय के संदर्भ में अवगत कराया।

## गवर्नर से मिला गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रांची का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में मिला और समाज से जुड़ी मुद्दों की जानकारी दी।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने की भेंट

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, जमशेदपुर का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में मिला। इस दौरान झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने राज्यपाल को संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया।

## कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में बैठक

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 में लोकतांन्त्रिक-धर्मनिरपेक्ष इंडिया गठबंधन को झारखंड में जिताने के अहम मतदाता कार्यभार के तहत काली स्थान रोड, रांची स्थित कॉमरेड महेंद्र सिंह भवन में राज्य व राजधानी रांची में जनमुद्दों पर सक्रिय रहनेवाले सामाजिक एवं नागरिक संगठनों से जुड़े एक्टिविस्टों, बुद्धिजीवियों एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसमें केंद्र के शासन में काबिज सत्ताधारी एनडीए गठबंधन और उसके घटक भाजपा-आजसू समेत उसके सहयोगियों द्वारा देश के संविधान, लोकतंत्र, गंगा-जमुनी तहजीब के साथ साथ व जनता के लोकतान्त्रिक जन अधिकारों पर किये जा रहे कॉर्पोरेट परस्त हमलों के खिलाफ विपक्षी इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दलों के प्रत्याशियों को पूरी मजबूती के साथ विजयी बनाने का एकजुट फैसला लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि झारखंड में जनता की बुलंद आवाज कहे जानेवाले माले विधायक विनोद सिंह के समर्थन व उनकी जीत को सुनिशिचित कराया जाय। उनकी जीत की गारंटी के लिए स्टैंड फॉर कॉमरेड विनोद सिंह, नागरिक समूह का गठन किया गया।

## अर्जुन मुंडा ने तमाड़, बुडू के क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

रांची। केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के हुरूनडीह, बाबुरामडीह, बारेडीह, कुंडला, बेगाडीह और सिरकाडीह में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हमें तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है । उन्होंने कहा कि पूरे दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, यह सब एक मजबूत नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है ।उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में हमारी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखने का काम किया है । वर्षों से जिस आदिवासी समाज की उपेक्षा की गयी। उस समाज को सम्मान दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया है । आज देश की सबसे बड़े संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला बैठी हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी । जंगलों में रहकर आदिवासी समाज ने अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया था जिन्हें इतिहास के पन्नों में वो जगह नहीं मिली, जिसके वो हकदार थे। आदिवासी समाज के स्वाभिमान के लिएए उनके योगदान के लिए खूंटी के माटी के वीर धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। यह हम सभी खूंटीवासियों के लिए गौरव की बात है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने कुछ ट्रेनों के परिचालन को किया रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों के परिचालन को रद्द किया गया है। ट्रेनों को रद्द आद्रा मंडल में चल रहे विकास कार्य के कारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार आद्रा खड़गपुर मेमू 24 से 29 अप्रैल तक रद्द रहेगी।

शालीमार भोजूडीह शालीमार अरण्यक एक्सप्रेस 25 से 27 अप्रैल तक रद्द रहेगा। खड़गपुर हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस 25 से 29 अप्रैल तक रद्द रहेगा। आद्रा गारबेटा आद्रा मेमू स्पेशल 27 से 29 अप्रैल तक रद्द रहेगा। आसनसोल हल्दिया आसनसोल एक्सप्रेस 27 से 29 अप्रैल तक रद्द रहेगा। आसनसोल दीघा आसनसोल एक्सप्रेस 28 अप्रैल तक रद्द रहेगा। रांची हावड़ा रांची एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को भाया कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, खड़गपुर के रास्ते चलेगी।

वहीं, बोकारो के गिधनी स्टेशन पर 17 अप्रैल तक ट्रेनों को अस्थायी ठहराव दिया गया है। रेलवे की मानें तो ठाकुर अनुकूल चंद्र के सत्संग उत्सव के कारण ट्रेनों को ठहराव दिया गया है। जारी आदेश के तहत 12813 हावड़ा टाटानगर स्टील एक्सप्रेस, 12814 टाटानगर हावड़ा स्टील एक्सप्रेस, 12871 हावड़ा टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस, 12872 टिटलागढ़ हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस, 22861 हावड़ा कंटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस, 22862 कांटाबांजी हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस, 22891 हावड़ा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा 22892 रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव रहेगा। इन ट्रेनों का गिधनी स्टेशन पर ठहराव 11 से 17 अप्रैल तक होगा।

## बीआरपी-सीआरपी और सहायक अध्यापकों के हाथ फिर रह गये खाली

रांची। राज्य के करीब 62 हजार सहायक अध्यापक और बीआरपी-सीआरपी के हाथ सरहुल और ईद के मौके पर भी खाली रह गये। हालांकि राज्य के रेगुलर शिक्षकों को भी त्यौहार क मौके पर मानदेय नहीं मिला। हां, सरकार के स्तर पर उनके लिए आवंटन जरूर जारी कर दिया गया है लेकिन हजार सहायक अध्यापक और बीआरपी-सीआरपी के खाते में तो परियोजना से सीधा पैसा जाता है, लेकिन इनके खाते में भी पैसे नहीं भेजे गये। बताया जा रहा है कि आदिवासी समुदाय के सरहुल, मुस्लिम समाज के ईद में में तो मानदेय नहीं मिला, 17 मार्च को रामनवमी के त्यौहार में भी मानदेय मिलना लगभग नामुमकिन है, क्योंकि परियोजना निदेशक चुनाव कार्य को लेकर राज्य से बाहर हैं। इस कारण सहायक अध्यापकों और बीआरपी-सीआरपी में मायूसी है।

## भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान समर्थकों के साथ भाजपा में हुये शामिल

# भीमराव आंबेडकर के सपनों को पूरा कर रही मोदी सरकार : अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा मुख्यालय सभागार में बुधवार को भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं इंटक के प्रदेश सचिव विरेंद्र पासवान के नेतृत्व में दलित समाज से सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउ री एवं प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहु ने सभी को पार्टी का पट्टा, माला पहनाकर एवं ऑनलाइन सदस्यता कराकर पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का काम केंद्र की मोदी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की सबसे बड़ी हितैषी भाजपा है। पिछले 10 वर्षों की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यों से साबित किया है। उन्होंने कहा की वहीं राज्य में दलित विरोधी, पिछड़ा विरोधी, युवा एवं महिला विरोधी सरकार चल रही है। इसका इस आम चुनाव में भाजपा के पक्ष में जनता भारी मतदान कर जबाब देने का काम करेगी। प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर हर दिन लोग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा की आज समाज के हर तबके में उत्साह का माहौल है और नरेंद्र मोदी हमारे सर्वमान्य नेता हैं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी पर देश को भरोसा है। वहीं पार्टी में शामिल होने वाले भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा दलितों के उत्थान के लिये काम किया है जिससे प्रभावित होकर हम सबों ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है।

## पीएम मोदी ने देश की तकदीर व तस्वीर बदल दी : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने बुधवार को ईचागढ़ विधानसभा के नीमडीह प्रखंड के पश्चिम मंडल के जुगीलोग गांव, कुकरू प्रखंड के परगामा, दुलमी एवं छातरडीह मे जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मोदी ने योजनाओं का लाभ नीचे स्तर के लोगों तक पहुंचाया है।

उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा में तत्पर रहा हूं। पिछले 5 सालों में कई काम हुये हैं। सहिया दीदी के लिये आठ सखी मंडल का निर्माण किया गया है। जब मैं गांव जाता था तो सहिया दीदी को कभी पेड़ के नीचे तो कभी बरामदे पर बैठक करते देख बहुत पीड़ा होती थी। मेरे पहले फंड से ही आठ सखी मंडल का निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कई प्रमुख सड़कों का निर्माण हुआ है। जनसंपर्क अभियान में विधानसभा संयोजक मधु गोराई, खुदी सिंह सरदार, सारथी महतो, मदन सिंह सरदार, अनीता पारित, बलराम, यदुपति गोप, भरत , प्रभात पोद्दार, दुलारचंद, अजय सिंह मुंडा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चॉपर की बढ़ती मांग

**लो**कतंत्र के उत्सव में, जहां हर तरफ सत्ता का नशा दिखाई देता है, भारत का राजनीतिक परिदृश्य चरम पर है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, चुनावी सरगर्मियों की अशांत लहरों को पार करने के लिए हेलीकॉप्टर राजनेताओं के लिए रथ बन गए हैं। हेलीकॉप्टर किराए में पिछले छह महीनों में 15-20% की वृद्धि हुई है। सभी उपलब्ध हेलीकॉप्टर पहले ही बुक हो चुके हैं। बड़े दल जैसे भाजपा और कांग्रेस हेलीकॉप्टर का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर का किराया लगभग 18 डॉलर (लगभग 1,500 रुपये) प्रति मिनट है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर का किराया लगभग 35 डॉलर (लगभग 3,000 रुपये) प्रति मिनट है। ज्यादातर बुकिंग दिल्ली से हो रही हैं। निजी जेट की मांग लगभग एक साल से जस की तस बनी हुई है। नतीजतन, इनकी कीमतों में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। भारत में कमर्शियल एयरलाइन सेवाएं अभी भी मजबूत हैं, खासकर चुनावी मौसम के दौरान जब राजनेता अक्सर लोगों से जुड़ने के लिए कमर्शियल उड़ानों का उपयोग करना चुनते हैं। छह से 12 महीने पहले की तुलना में हेलीकॉप्टर रेट में 15% की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि इसलिए है क्योंकि भारत में हाई मांग के साथ-साथ ट्विन इंजन वाले हेलीकॉप्टरों की कमी है। हेलीकॉप्टर उद्योग के लिए काम करने वाली रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, भारत में वर्तमान में लगभग 254 चार्टर हेलीकॉप्टर हैं। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 15,000 हैं। भारत में इन 254 हेलीकॉप्टरों में से 190 हेलीकॉप्टर सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यों, डिफेंस ऑपरेशन, कॉर्पोरेट वेंचर्स और ऑफशोर मिशनों के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे भारतीय चुनावी मौसम के लिए लगभग 60-70 हेलीकॉप्टर ही उपलब्ध रह गए हैं।

# पीएसयू का दम

**भा**रतीय शेयर बाजार इस समय दुनिया के सबसे तेजी से बढते बाजारों में से एक है। भारतीय शेयर बाजार ऑल टाईम हाइ की स्थिति पैदा कर रहा है। निवेशकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। पिछले एक साल में निफ्टी 50, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप जैसे प्रमुख सूचकांकों में क्रमशः 29%, 60% और 70% की शानदार वृद्धि देखी गई है। लेकिन, सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाला सूचकांक रहा है बीएसई शेयर इंडेक्स, जिसमें 92% की वृद्धि देखी गई है। पिछले दशक में इस इंडेक्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। बहरहाल, इसने इस बार कमाल का प्रदर्शन किया है।इस वजह से कंपनियां अपने शेयरों को पहली बार बाजार में बेचने के लिए उत्साहित हैं। यह भारत सरकार के लिए भी एक अच्छा मौका है। सरकार अपनी सरकारी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेचकर पैसा जुटा सकती है।


यह तेजी 2024 में भी जारी रहने की उम्मीद है। एक्सिस एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ आशीष गुप्ता के अनुसार, 2023 में ही 57 कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से 53,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। 2024 में 13 और कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं। कुल मिलाकर, 2024 में 60 से अधिक कंपनियां आईपीओ ला सकती हैं और 70,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की संभावना है। शेयर बाजार/सेकंडरी बाजार भी पिछले कुछ समय से काफी तेज रहा है। इस तेजी के कारण निजी इक्विटी फर्मों और कंपनी प्रमोटरों ने 2023 में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जो 2019 से 2021 के औसत से 4 गुना अधिक है। सरकारी कंपनियों के शेयर में भी बेहतरीन उछाल से विनिवेश का बेहतर अवसर पैदा हो रहा है। निश्चित तौर पर यह सरकार की बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा सकता है।

# सामाजिक-आर्थिक विकास का वाहक बन रहा मध्यम वर्ग



**इसमें** कोई दोराय नहीं कि किसी भी देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। यह केवल हमारे देश के संदर्भ में ही नहीं अपितु समूचे विश्व की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा तो कारण यही सामने आएगा। सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बदलाव में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तरह से श्रमिक वर्ग उभर कर आया तो औद्योगिक क्रांति का ही बाई प्रोडक्ट मध्यम वर्ग का उत्थान माना जा सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की माने तो आर्थिक विकास का कोई ग्रोथ इंजन है तो वह मध्यम वर्ग है। ज्यादा दूर नहीं जाएं और केवल वर्तमान दशक की शुरूआत बल्कि 2021 की ही बात करें तो देश में 30 फीसद परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि 2031 तक यह आंकड़ा बढ़कर 46 फीसद को छू जाएगा। यानी की इस दशक में बचे साढ़े पांच साल में भी मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में तेजी से सुधार होगा। 2021 में जहां 9.1 करोड़ परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में थे वहीं 2031 तक यह संख्या बढ़कर 16.9 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। किसी भी देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अपने आप में किसी बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालाना आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है। यह भी समझना होगा कि मध्यम वर्ग के विस्तार का सीधा अर्थ गरीबी रेखा से लोगों का बाहर आना और बाजारू गतिविधियों में तेजी है। मांग और आपूर्ति को भी मध्यम वर्ग के संदर्भ में ही देखा और समझा जा सकता है।

मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यूं समझा जा सकता है कि मध्यम आयवर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें ऋण कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवनयापन करना पड़े। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है। इसका एक कारण सामाजिक ताने -बाने की भाषा में हम कहें तो यह कहा जा सकता है कि बहुत कुछ वह दिखावे के लिए करता है। जीवनयापन की दिखावे की इस प्रतिस्पर्धा में वह वो सब कुछ पाना चाहता है जो उसके परिवार, पड़ोसी, मित्रगण या आसपास के लोगों के पास है। इसमें रहन-सहन, खान-पान, पहनना-ओढ़ना, शिक्षा और इसी तरह की अन्य वस्तु/साधन शामिल होते हैं। इसी कारण बाजार में नित नए उत्पादों की मांग बढ़ती है तो देश के लोगों के जीवनस्तर का पता चलता है।



-डॉ राजेन्द्र शर्मा

> आज ऑनलाइन का जो बाजार खड़ा हुआ है उसको गति दी है तो वह मध्यम आयवर्ग के लोगों ने ही दी है। स्कूटर, स्कूटी, कार से लेकर वाहनों की जो रेलमपेल देखी जा रही है वह इस मध्यम वर्ग के कारण ही है। रियल स्टेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है और गगनचुंबी इमारतों का जिस तरह से जाल बिछ रहा है वह मध्यम वर्ग के कारण ही संभव हो पा रहा है।

दरअसल मध्यम वर्ग व्हाइट कॉलर का प्रतिनिधित्व करता है। वह इस प्रयास में रहता है कि दिन प्रतिदिन वह अधिक से अधिक साधन जुटाए, भले ही उसके लिए उसे उधार का सहारा लेना पड़े। यहां यह भी समझ लेना जरूरी हो जाता है कि उच्च आय वर्ग की अपनी समझ व पहुंच होती है। पहली बात तो उच्च आय वर्ग की दायरे में कम लोग है। उनकी पसंद नापसंद अलग होती है। उनके लिए जो उत्पाद बाजार में आएंगे वो अलग श्रेणी के होंगे। मध्यम वर्ग लगभग उसी दौड़ में दौड़ने का प्रयास करता है। उच्च वर्ग के पास लक्जिरियस चौपहिया वाहन है तो उसकी मांग पहले चरण में चौपहिया वाहन व उसके बाद ज्यों ज्यों वह थोड़ा आगे बढ़ना चाहेगा अपनी पहुंच के सुविधाजनक चौपहिया वाहन पाने की कोशिश में जुट जाएगा। इसी तरह से बाजार की मांग को मध्यम वर्ग ही बढ़ाता है। तस्वीर हमारे सामने हैं। ज्यादा पुरानी बात नहीं दो दशक ही हुए होंगे कि घरों में पंखों की जगह कूलरों ने ली और कूलरों में भी हैसियत अनुसार ब्राण्डेड कंपनियों से लेकर लोकल कंपनियों के कूलरों ने घरों में जगह बनाई। आज तस्वीर का दूसरा पहलू सामने आ गया है जिस एयर कंडीशनर के लिए केवल सोचा जा सकता था वह आज घर-घर में पहुंच गया है। कम से कम एक एसी तो मध्यमवर्गीय परिवार में देखने को आसानी से मिल जाएगा। इसे यूं समझा जा सकता है कि मध्यम वर्ग के विस्तार के अनुसार बाजार में मांग बढ़ी तो नित नई कंपनियां बाजार में आई और इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़े। यह तो एक उदाहरण मात्र है। देखा जाए तो फास्ट फूड हो या कंफेक्सरी या शॉफ्ट ड्रिंक या इसी तरह की अन्य खाने पीने की चीजें, इसको बाजार मिला है तो इसका श्रेय मध्यम वर्ग को ही जाता है। पर्सनल केयर आइटम्स की मांग और आपूर्ति भी मध्यम वर्ग के कारण ही बढ़ी है।

आज ऑनलाइन का जो बाजार खड़ा हुआ है उसको गति दी है तो वह मध्यम आयवर्ग के लोगों ने ही दी है। स्कूटर, स्कूटी, कार से लेकर वाहनों की जो रेलमपेल देखी जा रही है वह इस मध्यम वर्ग के कारण ही है। रियल स्टेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है और गगनचुंबी इमारतों का जिस तरह से जाल बिछ रहा है वह मध्यम वर्ग के कारण ही संभव हो पा रहा है। यही कारण है कि आज देशी-विदेशी कंपनियां मध्यम वर्ग को केन्द्रित कर अपने उत्पादों को बाजार में उतार रही है। सही मायने में कहा जाए तो जिसने मध्यम वर्ग की मांग को समझा वह मालामाल होता जा रहा है और उसकी बाजार में पकड़ तेज होती जा रही है। ऐसे में यह मानने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बहुत कुछ श्रेय मध्यम वर्ग को जाता है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## खास बात

### एग्रीकल्चर बेहतर रोजगार का विकल्प

**मनोज शर्मा**

एग्रीकल्चर स्वरोजगार का सबसे अच्छा साधन है। इससे अब अच्छी कमाई की जा सकती है। बहुत से प्रोफेशनल फार्मर साइंटिफिक फार्मिंग के जरिये न सिर्फ अच्छा पैसा कमा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। यही नहीं, प्राइवेट और गवर्नमेंट दोनों सेक्टर में एग्रीकल्चर का स्कोप तेजी से बढ़ रहा है।

पिछले दिनों विश्व के सबसे बड़े जैविक खेती थिंक टैंक इंटरनेशनल फोरम फॉर आर्गेनिक एग्रीकल्चर मूवमेंट्स तथा रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर आर्गेनिक एग्रीकल्चर ने संयुक्त रूप से एक अध्ययन रिपोर्ट जारी की है। उनके अनुसार जैविक खेती करने वाले उत्पादकों की सबसे अधिक संख्या भारत में है। भारत में 8 लाख 35 हजार से अधिक लोग जैविक खेती कर रहे हैं। दूसरे स्थान पर मक्सिको है। विभिन्न रिपोर्टों में वर्ष 2022 तक भारत में 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती किये जाने की सम्भावना बताई गयी है। जैविक खेती के क्षेत्र में पूर देश में अग्रणी मध्यप्रदेश में वर्ष 2001-02 में जैविक खेती का आन्दोलन चलाकर प्रत्येक जिले के प्रत्येक ब्लाक में एक-एक गांव में जैविक खेती शुरू की गयी है और इन गाँवों को जैविक गांव का नाम दिया गया है। पुरातन काल से प्रकृति और ईश्वरीय व्यवस्था से सामंजस्य बिठाकर की जाने वाली प्राकृतिक खेती, भोजन, अनाज, जल, मानव, जमीन, वायुमंडल आदि के अस्तित्व को विदेशी और देशी षड्यंत्रकारी उद्योगपतियों, सरकारों ने हरित क्रांति की मशाल थामे रासायनिक खेती ने गहरे संकट में पहुंचा दिया है।

खाद, पोषक तत्व, कीट नियंत्रण जैसी तमाम व्यवस्था ईश्वर ने प्रकृति के माध्यम से कर रखीं थीं जिसे मानव ने अपने हाथों से नष्ट कर दिया है। अंग्रेजों और तानाशाही विश्व सत्ता ने कहने के लिए भारत और अन्य देशों को कहने के लिए तो आजाद कर दिया था लेकिन देश पर अपनी तमाम शोषणकारी व्यवस्थाओं की जड़ें गहरे में जमाकर गए थे जिनको देश के स्वार्थी नेताओं और उद्योगपतियों ने अपने स्वार्थ के लिए बहुत बड़ा कर दिया है।

# अहंकारी मन

## विचार-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**अहंकारी** मन ने एक फूल से कहा : कल तुम मुरझा जाओगे फिर क्यों मुस्कुराते हो? व्यर्थ में यह ताजगी किसलिए लुटाते हो? फूल चुप रहा। इतने में एक तितली आई पल भर आनंद लिया, उड़ गई। एक भंवरा आया, गाना सुनाया, सुगंध बटोरी और आगे बढ़ गया।

एक मधुमक्खी आई, पल भर भिनभिनाई, पराग समेटा और झूमती गाती चली गई। खेलते हुए एक बालक ने स्पर्श सुख लिया, रूप-लावण्य निहारा, मुस्कुराया और खेलने लग गया। तब फूल बोला : मेरे टेढ़े टेढ़े मित्र मन जरा ध्यान से सुन। क्षण भर को ही सही मेरे जीवन ने कितनों को सुख दिया। क्या तुमने भी कभी ऐसा किया?

कल की चिन्ता में, आज के आनंद में विराम क्यों करूं। माटी ने जो शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध दिए, उसे बदनाम क्यों करूँ। मैं हंसाता हूँ क्योंकि हंसना मुझे आता है। मैं खिलता हूँ क्योंकि स्वांसों की धुन में खिलना मेरा स्वभाव है।

मैं मुरझा गया तो क्या कल फिर एक नया फूल खिलेगा। न कभी मुस्कान रुकी है, न ही सुगंध। जीवन तो एक सिलसिला है अहंकारी मित्र। इसी तरह ही चलेगा। जो आपको मिला है उसमें खुश रहिए और इस अनमोल स्वांस के लिए प्रभु का शुक्रिया कीजिए क्योंकि आप जो जीवन जी रहे हैं वो जीवन बहुतों ने देखा तक नहीं है। इसलिए अभ्यास से स्वांसों की धुन में लीन होकर शांति का अनुभव करें और भीतर की खुशबू से सभी को महकाते रहें। जीवन की अनिश्चितता के बीच हम केवल सुखद अनुभव ही कर सकते हैं इसके आलावा जीवन के बीतने के साथ ही हम मुक्ति की ओर बढ़ रहे होते हैं।

**भारत** की जो सोच है, हम सारे पड़ोसियों के साथ अपने अच्छे रिश्ते बनाकर रखना चाहते हैं, मधुर रिश्ते बनाकर रखना चाहते हैं। लेकिन भारत के मान, सम्मान, स्वाभिमान पर यदि कोई चोट पहुंचाने की कोशिश करेगा तो जवाब देने की भी कूबत आज भारत के अन्दर है।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## आपके ट्वीट

**शौर्य,** साहस एवं समर्पण से देश व समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले सीआरपीएफ के जवानों तथा उनके परिजनों को ₹शौर्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**– चंपई सोरेन, सीएम झारखंड**





**नरेंद्र** मोदी ने चंद अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए एक झटके में माफ कर दिये। इतने पैसों से मनरेगा जैसी क्रांतिकारी योजना 24 साल तक चलाई जा सकती थी। इन आंकड़ों को आपसे छिपाते हैं।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नशे की जड़ें

**नशेड़ी** युवाओं को अवैध कारोबार का पटाक्षेप करने वाला था। लॉकडाउन के चलते इस गोरखधंधे का फलना-फूलना बिना राजनीतिक-प्रशासनिक शह के तो प्रश्न ही नहीं उठता। भारत में बेरोजगारी भी इस धंधे को अपनाने में सहायक रही है। झारखंड सहित उन राज्यों में यह बड़ी समस्या है जहां गरीबी अधिक है। इससे बचना समाज की प्राथमिकता हो।

**–अनिल कौशिक,रांची**

### आतंकी संगठन से खतरा

जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन, इंडियन मुजाहिदीन, अलकायदा, हक्कानी नेटवर्क, तहरीक-ए-तालिबान, हरकत-उल-मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट जैसे संगठन लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश हमेशा रचते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष सत्र में आतंकवाद को खत्म करने की जो अपील की है।

**–रवि जमशेदपुर**

# बहुत याद आते हैं सर्कस के बब्बर शेर

**के. विक्रम राव**

## रिपोर्ट

तब तक टीवी ने हम लोगों की शाम को बख्श दिया था। ईजाद ही नहीं हुआ था। शहर में सर्कस लगने की खबर आते ही, आग जैसी फैलती थी। परिवारों में तो खासकर। मगर अब सर्कस में चौपायों में केवल घोड़े ही बचे हैं। ढाई सदी बीते दुनिया का सर्वप्रथम सर्कस चार अप्रैल 1768 के दिन ही आया था। लंदन में फिलिप और उनकी पत्नी पैट्सी ने घुड़सवारी के करतब दिखाकर सर्कस की नींव डाली थी। इस छह फुटे फौजी अश्वारोही ने ही करिश्मायी शो आयोजित किया। वही बाद में विकसित होकर मनोरंजन में नया आयाम लाया। फिर अन्य चौपाये सर्कस में शरीक हुए। खासकर शेर बब्बर, बाघ, रीछ, हाथी इत्यादि। मगर पशुओं के प्रति क्रूरता वाला कानून संसद द्वारा बनते ही, सब बंद हो गया। फीका पड़ गया।

लखनऊ की एक लोमहर्षक वारदात चिरस्मरणीय रहती है। पचास साल बीते। दयानिधान पार्क (लालबाग, नावेल्टी थ्येटर के ठीक सामने) में सर्कस के तंबू गड़ा करते थे। एक दफा (1974) का किस्सा है, दैनिक ॒नवजीवन॑ के चीफ रिपोर्टर साथी हसीब सिद्दीकी की जुबानी। उनके न्यूज एडिटर सुरेश मिश्र आधी रात नगर संस्करण में अंतिम खबर भेजकर, आदतन नजीराबाद के अब्दुल्लाह होटल के लिए रवाना हुए। हजरतगंज के काफी हाउस से कई सालों पूर्व ही यह होटल दानिश्वरों जमावड़े के लिए मशहूर था। खासकर दूध की मोटी परतवाली मलाई के खातिर। सुरेश मिश्र वहां पहुंचे ही थे कि फुटपाथ पर सोने वालों की भगदड़ मच गई थी। पता चला था कि लालबाग पार्क में लगे सर्कस का एक शेर पिंजरे से निकलकर अमीनाबाद की सैर कर रहा था। वह एक सुशुप्त श्रमिक का मुंह चाटने लगा। नींद टूटने से नाराज श्रमिक आक्रोशित था। शेर पर हथेली चलाई। फिर उसे देखकर उसके होश उड़ गए। भागा। इस पूरे हादसे को सुनकर सुरेश मिश्र जी ने सर्वप्रथम दफ्तर फोन किया कि संस्करण देर से छपेगा। फिर स्वयं आकर पूरी खबर लिखी। इससे लखनऊ में जबरदस्त सनसनी फैली। नवजीवन एकमात्र दैनिक था जिसमें यह समाचार छपा था। दाद दी गई इस समाचारपत्र संपादक को कि ऐसी विलक्षण खबर चलाई। स्वाभाविक है कि बाकी अखबारों की प्रातःकालीन बैठक मे संपादकों ने रिपोर्टरों का कोर्ट मार्शल किया। इतनी बड़ी खबर ? भीड़भरे मार्केट में शेर का टहलना ! कैसे छूट गई ? मिलता-जुलता एक हादसा हुआ था इसी दयानिधान पार्क में 1950 में भी। उस दिन भी एक सर्कस में शेरों का शो हो रहा था। अकस्मात एक शेर रिंग मास्टर पर लपका और उसे घायल कर दिया। कुछ देर के लिए तो कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। सारे स्थानीय संवाददाता कार्यालय की ओर लपके। खबर शाया करने। मगर मेरे बड़े भ्राता स्वर्गीय श्री के. प्रताप राव सर्कस के अगले शो तक रुके रहे। उन्होंने अगले शो में देखा कि वही घायल रिंग मास्टर फिर शेरों का शो पेश करता है? शो सफलता से पूरा हुआ। उस हमलावर शेर की कचूमर निकलने तक मारा।

फिर दर्शकों की करतल ध्वनि के बीच शो का अंत हुआ। दफ्तर आकर मेरे भाई साहब ने रपट भेजी। खासकर रिंग मास्टर की फोटो तथा बहादुरी वाली कि घायल होकर भी शेरों का शो दोबारा दशार्या। रोका नहीं। अगले दिन लखनऊ के दैनिकों के संपादकों ने सवाल किए अपने रिपोर्टरों से कि ऐसा बेहतर मानवीय पहलू क्यों नहीं लिखा ?

तब हिंदुस्तान टाइम्स॒ दिल्ली से ही छपता था। हवाई जहाज से लखनऊ भेजा जाता था। संपादक देवदास गांधी (महात्माजी के पुत्र) ने प्रताप भाई साहब को बधाई दी थी। बाद में पत्रकारिता छोडकर बड़े भाई भारतीय विदेश सेवा में चयनित हुए।

# देश का गौरव वायुसेना का प्रशिक्षण केन्द्र हैदराबाद

**सुधांशु कुमार**

## श्रेष्ठ संस्थान

**बालाकोट** एयर स्ट्राइक के बाद फरवरी 2019 में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को पाकिस्तानी वायु सीमा में घुसकर मार गिराने वाले अभिनंदन देश के लिए एक राष्ट्रीय हीरो है। उनके इस जज्बे और युद्ध कौशल के पीछे सफलता की मुख्य वजह बनी थी उनकी कठोर और जबरदस्त ट्रेनिंग। जो उन्हें मिली देश की एकमात्र वायु सेना अकादमी (एयर फोर्स एकेडमी यानी एएफए) से।

हैदराबाद स्थित वायु सेना अकादमी वह फैक्टरी है जहां पर विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान जैसे सैकड़ों योद्धा तैयार होते हैं। इस अकादमी से अब तक 100 बैच पास आउट परेड हो चुके हैं। देश के इस एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान में आसमान में दुश्मन को मात देने का कौशल सिखाया जाता है।

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के नजदीक डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी यानी नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए), पुणे से तीन साल ग्रेजुएशन की पढ़ाई करके वायुसेना में शामिल होने वाले कैडेट्स यहां आते हैं। 7,050 एकड़ में फैली इस अकादमी में वायुसेना की सभी ब्रांच के कैड्स को ट्रेनिंग दी जाती है। अकादमी की स्थापना 1969 में हुई और इसने 1971 में अपना संचालन शुरू कर दिया।इस अकादमी की स्थापना 1969 में हुई और इसने 1971 में अपना संचालन शुरू कर दिया था। आईएएफ की फ्लाइंग से लेकर टेक्नीकल और ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच के कैडेट्स तो यहां पर ट्रेनिंग हासिल करते ही हैं, साथ ही साथ नौसेना और भारतीय तट रक्षक के अफसर भी ट्रेनिंग के लिए यहां आते हैं।

इस अकादमी में एक साल की ट्रेनिंग के बाद कैडेट्स वायु सेना की अलग-अलग ब्रांच में कमीशन पाते हैं। जब 1993 में आईएएफ ने महिला कैडेट्स को शामिल करना शुरू किया था। 2016 में फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनि चतुवेर्दी, भावना कंठ और मोहना सिंह के साथ पहली बार लड़ाकू विमान की पायलट के तौर पर महिलाओं को कमीशन मिला, तो उन्हें भी यहीं पर ट्रेनिंग दी गई। वायु सेना अकादमी में आईएएफ पायलट को कई चरणों के तहत प्रशिक्षण दिया जाता है।

अकादमी से जो कैडेट्स फाइटर पायलट के तौर पर पासआउट होते हैं, उन्हें मिग-21, मिग-29, सुखोई-30एमकेआई, मिराज-2000, तेजस, रफाल और जगुआर जैसे लड़ाकू विमान उड़ाने का मौका मिलता है। वहीं, जो कैडेट एयरक्राफ्ट उड़ाने की ट्रेनिंग लेते हैं उन्हें आईएल-76, सी-17 ग्लोबमास्टर और एएन-32 जैसे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट उड़ाने का मौका मिलता है। जबकि, कुछ कैडेट्स हेलीकॉप्टर बेड़े में शामिल होते हैं। हेलीकॉप्टर बेड़े में शामिल होने वाले कैडेट्स को चिनूक, ध्रुव, लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे, एमआई-26, हैवी लिफ्ट हेलीकॉप्टर को उड़ाने के साथ ही जवानों को पैरा ड्रॉप करना और जरूरी सामानों की एयरलिफ्टिंग करने के तौर तरीके सिखाए जाते हैं।

इतना ही नहीं अकादमी में ऑफिसर कैडेट्स को प्रशासनिक, एयर कंट्रोलिंग, मौसम विज्ञान, लॉजिस्टिक्स, अकाउंट्स और शिक्षा जैसी ब्रांच की ट्रेनिंग भी दी जाती है। कई बार विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत मित्र देशों के ऑफिसर भी यहां पर ट्रेनिंग के लिए आते हैं।

(लेखक काउंसलर हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# प्रकृति के साथ जल-जंगल-जमीन के संरक्षण का पर्व सरहुल

**मनोज कुमार सिन्हा**

**प्रकृति** को समर्पित सरहुल पर्व आदिवासियों का प्रमुख पावन त्योहार है।इस त्योहार को मनाने के बाद ही नई फसल का उपयोग किया जाता है। हर साल यह त्योहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया से प्रारंभ होता है।यह त्योहार झारखंड के अलावे बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ , मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों , नेपाल, भूटान और बांग्लादेश में भी मनाया जाता है।यह महोत्सव वसंत ऋतु में मनाया जाता है।

" एक प्रख्यात लेखक और चिंतक का कथन है कि आज विश्व का बौद्धिक- जगत आदिवासियों के जीवन, परिवेश, रहन- सहन ,पर्व- त्योहार , दर्शन आदि के बारे में जानने- समझने के लिए उत्सुक है।आदिवासियों के पर्व- त्योहार केवल नाच- गान करने , हंड़िया पीने ,पशु- पक्षी का बलि चढ़ाने का अनुष्ठान भर नही है , बल्कि इनमें प्रकृति ,मनुष्य और धरती से जुड़ी सहजीविता, एकजुटता और उनके समग्र जीवन- चक्र को सम्मानपूर्वक सृजनशील, उर्वर बनाए रखने के लिए नए संकल्प और उत्साह के साथ जीने का संदेश भी समाहित है।

इस त्योहार को मनाने के बाद ही नई फसल का उपयोग किया जाता है। हर साल यह त्योहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया से प्रारंभ होता है।यह त्योहार झारखंड के अलावे बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ , मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों , नेपाल, भूटान और बांग्लादेश में भी मनाया जाता है।यह महोत्सव वसंत ऋतु में मनाया जाता है।

सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है 'सर 'और ' हुल ' ।' सर ' का अर्थ है सखुआ का फूल और ' हुल ' का अर्थ क्रांति होता है। इस प्रकार सखुआ फूलों की क्रांति को सरहुल कहा गया है। इस त्योहार में सरना स्थल पर पारम्परिक रूप से पूजा की जाती है। बैगा द्वारा साल के पेड़ की पूजा श्रद्धापूर्वक उत्साह और पवित्रता के साथ की जाती है।साल की शाखाएं फूलों से सजी होती हैं।इन नए फूलों से देवताओं की पूजा की जाती हैं। सरना में महादेव का निवास माना जाता है।फिर घड़े में जल रखकर सरना के फूल से पानी छींटा जाता है।

पूजा- अर्चना के बाद सामूहिक रूप से प्रार्थना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है। ठीक इसी समय सरहुल- नृत्य प्रारंभ किया जाता है। सरहुल नृत्य की अनुपम छटा का मनोरम दृश्य को जरा निहारिए- सरहुल के दिन धरती एक कुंवारी कन्या का रूप लेती है जिसकी शादी सूरज से होती है।अहा! प्रकृति का कितना सुंदर रूप है यह पर्व जहाँ धरती



बेटी है ,पेड़ भाई हैं और फूलों के पौधे बहने हैं।तरू के कोमल हरित किसलयों के बीच नव पल्लव ललाम धरती बेटी की मांग का सिन्दूर है जो (अपूर्व आभा के साथ चमक रहा है और प्रकृति के आँगन में दूर खड़ा आदिवासी युवक अप्रतिम सौन्दर्य को निहार कर मुग्ध हो रहा है।

धरती बेटी की शादी में शरीक होना अपना सौभाग्य मानने वाले आदिवासी नवयुवक अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए लालायित और उत्साहित हैं ।इस तरह ये आदिवासी प्रकृति के साथ मिलकर एक परिवार का सृजन कर रहे हैं और यह संदेश प्रेषित कर रहें हैं कि सुखमय जीवन और परिवार की आकांक्षा है तो प्रकृति के साथ कदम मिलाकर चलना सीखो। आदिवासियों की मान्यता है कि जो नाचेगा वही बचेगा। उनके लिए नृत्य ही जीवन है । नृत्य और गायन ही संस्कृति है।नाचते- गाते हुए काम करना और काम करते हुए नाचना - गाना । सुखमय जीवन की आकांक्षा है तो तनाव रहित सहज जीवन जीना सीखो।

सुख बाह्य संसाधनों में नहीं अपितु आन्तरिक उत्साह और आनन्द में है।आनन्द चमकीले- आकर्षक संसाधनों का मोहताज नहीं। वनप्रांतों के निःसृत निर्झरों के कलकल निनाद से निनादित कर्णप्रिय मधुर संगीत के वातावरण में और मधुमास के सानिध्य में जब आदिवासी युवतियां पैरों में नुपुर बाँधकर और अपने जुड़े में बगुले के पंख की कलगी लगाकर पीला साफा बाँधे नवयुवकों के कमर में लटकते मांदर की थाप और झांझ पर थिरकने लगती हैं और सुरीली तान अलापती हैं तो गजब का समां बँध जाता है। लाल पाड़ ( पैड ) की साड़ी पहनी ,गीतों की लय और तोड़ के अनुसार पद संचालन करती हुई ये वन- बालाएं शुद्धता- पावनता और शालीनता की देवियाँ प्रतीत होती हैं।

इस उत्सव में सफेद रंग शुद्धता का और लाल रंग संघर्ष का प्रतीक है ।सफेद सर्वोच्च देवता सिंगबोंगा और लाल बुरा बोंगा का प्रतीक है ।सरहुल के गीत की एक- दो पंक्ति की झलक देखिए हो होरे का फुला फुली गेलक, गोटा दुनियां झिंगोर झोगोंर सरई फूल फुली गेलक। अर्थात सरई फूल खिल गया है, फूलों को देखकर अच्छा लग रहा है।तथा, वसंत ऋतु दोय तेवरलेदा सुकु राशिका कारोबार पारिड़ी तना। अर्थात वसंत ऋतु का आगमन हो गया है और मन में खुशी उमड़ रही है। सचमुच , आदिवासियों की आत्मा गीतों में बसती है। उनकी आत्मा मांदर , ढ़ोल , नगाड़ों और बांसुरी में बसती है। मुण्डारी में एक गाना है- सिंगी दोबू सियू कामिया ।

अयुब नपंग दुमंग दंगोड़ी। अर्थात दिनभर हल चलाएगें, काम करेगें और रात भर मांदर की थाप होगी।आदिवासियों के जीवट और संगीत - प्रेम की झलक इस बात में मिलती है कि ये लोग कई किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ों से होकर रात में भी अखाड़ा में नृत्य- संगीत के लिए आते हैं।अभावों से भरे जीवन में भी संस्कृति के पोषक ये आदिवासी नृत्य और गायन में मग्न रहते हैं। इन गीतों और नृत्यों के माध्यम से आदिवासी जन - जीवन के यथार्थ,लोक- गंध ,सांस्कृतिक वैशिष्ट्य और जीवन- शैली को समझा जा सकता है।इन गीतों में मिट्टी की गंध, जंगलों की हरियाली और झरनों का संगीत विद्यमान रहता है। लोक- गंध में रचे - बसे ये गीत प्रेम और प्रकृति के यथार्थ चित्र प्रस्तुत करते है ।

इन गीतों में आदिवासी जीवन- दर्शन, प्रेम , मिलन और विरह के रोचक और मनमोहक वर्णन मिलते हैं। आदिवासी जनजीवन के पारखी मीकर रोशनार ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक द फ्लाइंग हॉर्स ऑफ धर्मेश में लिखा है कि सखुए का पेड़ आदिवासियों के लिए सुरक्षा , शांति और खुशहाल जीवन का प्रतीक माना गया है। सरहुल पर्व में प्रयुक्त कुछ प्रतीकों पर गौर किया जाए तो दिवासियों का प्रकृति - प्रेम, आध्यात्मिकता, सर्वव्यापी ईश्वरीय उपस्थिति का एहसास, ईश्वरीय उपासना में सृष्टि के संसाधनों के इस्तेमाल ( तेरा दिया हुआ, तुमको अर्पण )और सहअस्तित्व के भाव निखर उठते हैं। आदिवासियों की अद्वितीय संस्कृति से संसार को परिचित कराने वाले प्रसिद्ध रंगकर्मी और सांस्कृतिक दूत डॉक्टर रामदयाल मुंडा सरहुल को लोकप्रिय बनाने में अन्यतम योगदान दिए थे।

वे अमेरिका से प्रोफेसर की नौकरी का परित्याग कर स्वदेश लौट आए और आदिवासी संस्कृति के अन्तरराष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में विपुल ख्याति अर्जित की। वे शिक्षा- शास्त्र और समाज शास्त्र के लेखक और कलाकार थे ।उन्होंने आदिवासीयों के हितों की रक्षा के लिए झारखंड से संयुक्त राष्ट्र संघ तक अपनी आवाजों को बुलन्द की। वे रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति भी रहे। वे आदिवासी उत्थान के लिए आजीवन अथक परिश्रम के साथ कार्य करते रहे। अपने देश में उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया और पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

वे राज्य सभा भेजे गए और इस प्रकार देश के सर्वोच्च सदन की गरिमा को बढ़ाए। उनके द्वारा रचित सरहुल मंत्र की चर्चा यहाँ अपेक्षित है।इस मंत्र में वे स्वर्ग के परमेश्वर से लेकर धरती की धरती माई , शेक्सपियर, मार्क्स , एंगेल्स, लेनिन , रवीन्द्रनाथ टैगोर, सिदो- कान्हो , चांद- भैरव , बिरसा मुंडा , गाँधी , नेहरू , जयपाल सिंह मुंडा आदि सैकड़ों दिवंगत व्यक्तियों को एक साथ बुलाकर पंक्ति में बैठने का आमंत्रण देते हैं और कहते हैं हम तोहरे के बुलात ही , हम तोहरेसे बिनती करत ही , हमरे संग तनी

बैठ लेवा , हमरा संग तनी बतियाय लेवा , एक दोना हंड़िया के रस ,एक पतरी लेटवा के भात , हमर संग पी लेवा , हमर संग खाय लेवा। अहा! कितना सुंदर वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश छिपा है इस सरहुल मंत्र में।

## सरहुल त्योहार और इसकी खासियत, देता है एक खास सीख

**आज** पूरे झारखंड में सरहुल त्योहार की धूम है. आदिवासी समुदाय का ये अनोखा त्योहार प्रकृति की पूजा से जुड़ा है. इस पर्व के जरिए ही आदिवासी समाज नए साल का स्वागत करता है.

**प्रकृति का त्योहार... सरहुल**

**तीन दिवसीय होता है पर्व**

**पर्व के जरिए नए साल का स्वागत**

आज पूरे झारखंड में सरहुल त्योहार की धूम है. आदिवासी समुदाय का ये अनोखा त्योहार प्रकृति की पूजा से जुड़ा है. इस पर्व के जरिए ही आदिवासी समाज नए साल का स्वागत करता है. सरहुल को नए साल की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है, जो मानवजीवन में प्रकृति की महत्ता का प्रतीक है. प्रकृति की भूमि वाले प्रदेश का ये त्यौहार प्रकृति के प्रति प्रेम आस्था विश्वास सम्मान और उपासना को दशार्ता है. हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया को सरहुल मनाया जाता है. इस दिन आदिवासी समाज नए साल का स्वागत करते हैं. साथ ही धरती माता और सूर्यदेव की अराधना करते हैं. फल फूल और पत्तियों के उपभोग की इजाजत भी लेते हैं. यानी आज के दिन आदिवासी समुदाय प्रकृति से उनके इस्तेमाल की अनुमति मांगता है और सरहुल पूजा के साथ ही नए साल का कृषि जीवन चक्र भी शुरू हो जाता है.



**तीन दिवसीय पर्व**

पूरे झारखंड में सरहुल पर्व की धूम है. ये पर्व तीन दिवसीय होता है. जहां पूजा के पहले दिन लोग उपवास रखते हैं. सुबह खेती करते हैं और नदियों और तालाबों जलाशयों में जाकर केकड़ा और मछली पकड़ते हैं. मान्यता है कि फसल बोने के समय केकड़े को गोबर पानी से धोया जाता है और उसी गोबर पानी से फसलों के बीज को भीगा कर खेतों में डाला जाता है. इससे केकड़े के 8-10 पैरों की तरह फसल में भी ढेर सारी जड़े निकलती है. दूसरे दिन पूजा के बाद घड़े के पानी को देखकर इस साल बारिश का पूवार्नुमान करते हैं. इसी दिन शोभायात्रा निकलती है.

**क्या है सरहुल त्योहार?**

सरहुल को आदिवासियों का प्रमुख त्योहार माना जाता है

**ये त्योहार झारखंड, छत्तीसगढ़ ,उड़ीसा, बंगाल में मनाया जाता है**

**सरहुल त्यौहार प्रकृति और धरती माता को समर्पित है**

**इस त्यौहार प्रकृति को आभार जताने का भी एक जरिया है**

**सरहुल में पेड़-पौधों की पूजा की जाती है**

**हर साल चैत्र महीने के तीसरे दिन ये त्योहार मनाया जाता है**

आदिवासियों का मानना है कि वह इस पर्व को मनाने के बाद ही नई फसल का इस्तेमाल कर सकते हैं. क्योंकि पर्व के जरिए हम प्रकृति से इसकी अनुमति लेते हैं. ये त्योहार आदिवासी संस्कृति की खासियत को भी दशार्ता है. त्योहार हमे ये सीख भी देता है कि प्रकृति हमे जो भी देती है उसके बदले हमे भी प्रकृति का आभार जताना चाहिए. उसके दोहन के बजाय उसकी पूजा करनी चाहिए. क्योंकि प्रकृति ही मनुष्य के जीवन का आधार है।

## प्राकृतिक का पर्व सरहुल, पूजा के साथ ही तय होता है इस साल कैसी होगी वर्षा







**मनोज कुमार सिन्हा**

**प्राकृतिक का पर्व सरहुल, पूजा के साथ ही तय होता है इस साल कैसी होगी वर्षा और खेती,जानिए इस त्योहार का महत्व**

झारखंड अपनी आदिवासी परम्परा, भाषा, अलग रहन - सहन, और विशेष संस्कृति के लिए काफी प्रसिद्ध है. झारखंड में लगभग 32 जनजातियाँ हैं जिनके धार्मिक और पारंपरिक भोजन के साथ पहनावें अलग अलग है. इन जनजातियों की महत्वपूर्ण विशेषता है कि ये प्रकृति के प्रति बहुत प्रेम रखते हैं. आदिवासी समाज का एक मुख्य त्योहार सरहुल हैं. जिसे चैत्र मास के शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है. इस त्योहार के दिन प्रकृति की पूजा की जाती है. यह पर्व नए साल की शुरूआत का उत्सव भी है. इस साल 11 अप्रैल को सरहुल पर्व पूरे झारखंड में मनाया जाना हैं. इस त्योहार में पेड़ों और प्रकृति के अन्य तत्वों की पूजा शामिल होती है. खास कर सखुआ वृक्ष की पूजा की जाती है.

मालूम हो कि यह पर्व आदिवासी का सबसे बड़ा पर्व है. सरहुल झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आदिवासी क्षेत्रों में मनाया जाता है. वहीं झारखंड में सरहुल के पर्व में पूरे आदिवासी समाज में अलग ही उत्साह रहता है. सारे लोग झूमते गाते रांची के सड़को पर सोभा यात्रा भी निकालते है इस सोभा यात्रा को देखने के लिए देश विदेश से भी लोग रांची के सड़को पर पहुंचते हैं और रांची में लाखो की भीड भी उमंडती है

**क्या है सरहुल पर्व**

बता दे कि सरहुल पर्व को लेकर कई तरह की कथाएं और कहानियां है. जहां सरहुल का सीधा मतलब पेड़ की पूजा करना है. सरहुल त्योहार तब मनाया जाता है जब सखुआ के पेड़ में नए पत्ते और फूल आते हैं. अपने देवता को अर्पण करने से पहले इस मौसम में कोई फल, फूल या धान नहीं खाना शुरू करते हैं. सरहुल के पूजा के लिए सखुआ के फूल , फल और महुआ के फलों को सरनास्थल पर लाए जाते हैं, जिसके बाद पाहान और देउरी आदिवासी जनजातियों के सभी देवताओं की पूजा करते है. झारखंड के जनजातीय समुदाय के लोग इस पर्व को मनाने से पहले नए फल ग्रहण नहीं करते है. बता दे कि पाहान कहते है कि सरहुल की पुजा के बाद हवा-वर्षा का भी शगुन देखा जाता है और खेती ठीक होगी या नहीं.

**सरहुल झारखंड में आदिवासीयों का उत्सव**

झारखंड में आदिवासी इस उत्सव को उत्साह और उंमग के साथ मनाते है. ग्रामीण इसे समुदाय के रूप में मनाते हैं और एक साथ प्यार और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं. वहीं इस त्यौहार के दौरान जनजातीय पुरुष, महिला और बच्चें आदिवासी परम्परा परिधानों में तैयार होते है और पारंपरिक नृत्य करते है. एवं आदिवासी पीसे हुए चावल और पानी का मिश्रण अपने चेहरे पर और सिर पर सखुआ के फुल लगाते हैं, और फिर सरना स्थल के आखड़ा में नृत्य करते हैं.

# सरहुल का विज्ञान: प्रकृति का नाद

**डॉ. अभय सागर मिंज**

**आदिवासी** और प्रकृति पर्यायवाची हैं। आदिवासी समाज को यह भली भाँति पता है कि जब तक प्रकृति का सानिध्य है, उनका अस्तित्व बना हुआ है। प्रकृति का स्वस्थ होना उनके जीवन शैली के स्वस्थ होने का संकेत है। आदिवासी संस्कृति में ऐसे अनेक प्रकार के गतिविधियाँ और क्रियाकलाप हैं जो यह दशार्तेबहै कि प्रकृति उनसे अलग नहीं, अपितु उनके ही जीवन का एक अहम हिस्सा है। आदिवासियों के प्रकृति प्रेम के अनेक गतिविधियों में से सबसे प्रमुख सरहुल है। सरहुल झारखंड के आदिवासियों का एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक पर्व है। यह मात्र बसंत ऋतु के आगमन का संकेत नहीं है, जैसा कि अन्य समाज इसे देखते हैं। इस महापर्व के अनुभव के समय जो विधि विधान किए जाते हैं वो अपने आप में बड़ा रोचक और अर्थपूर्ण हैं। जब हम इसे निकट से देखते हैं तो आदिवासी समाज में अंतर्निहित विज्ञान और उनके समृद्ध अवधारणाओं से हमारा परिचय होता है। जो सांस्कृतिक प्रक्रियाएँ हैं वो मिथ्या या निराधार नहीं हैं।



सरहुल की आस्था की बात करें तो आदिवासी समाज इस प्राकृतिक पर्व को सूर्य और धरती के विवाह के रूप में देखता है। झारखंड में विभिन्न जनजातियाँ हैं और जब हम इनके आस्था और सृष्टि की रचना को देखते हैं तो प्रायः इन सबके दन्तकथा एक समान प्रतीत होते हैं। सभों ने सरहुल को धरती का विवाह सूर्य से होना माना है। जहाँ धरती या पृथ्वी को माँ के रूप में देखा गया है वहीं सूर्य को एक पिता या पुरुष की तरह देखा गया है। विवाह का अर्थ, जीवन के नव सृजन से है।

आदिवासी समाज अपने हजारों वर्षों के अनुभव के आधार पर यह समझता है कि यदि पृथ्वी पर जीवन है तो उसमें सूर्य की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। संसार के प्रत्येक जीव जंतुओं को सूर्य से ऊर्जा प्राप्त होती है। झारखंड में सरहुल से पूर्व, पूरी धरती पलाश और सेम्बर के फूलों से लाल हो जाती है। यह लाल रंग यौवन का प्रतीक है। यह संकेत है कि अब सूर्य और पृथ्वी के विवाह का समय आ गया है। फिर विवाह के समय जिस प्रकार पीले हल्दी रंग का महत्व होता है वैसे ही सखुवा के पीले फूल चारों ओर नजर आते हैं। सरहुल का आगमन होने के साथ सखुवा पेड़ की डालियों में फूल आते हैं, नयी कोपलें और नये पत्ते आते हैं। पूरे वातावरण में एक नव जीवन का संचार पतझड़ के बाद देखने को मिलता है। नये फल अंकुरित होते हैं और यह वो समय होता है जब पर्यावरण में एक नयी बहार देखने को मिलती है। चारों ओर हरा रंग नजर आता है जो नव सृजन का संकेत है। आदिवासी समाज के देशज ज्ञान में, सूर्य और पृथ्वी के सानिध्य के कारण होने वाले अदभुत नैसर्गिक परिवर्तन वह विशेष है।

आदिवासी समाज के दन्तकथा में सूर्य और पृथ्वी के द्वारा होने वाले परिवर्तन को विवाह के समतुल्य माना गया है। सूर्य के कारण ही धरती में नवजीवन का संचार होता है। इसकी तुलना आदिवासी समाज विवाह से करता है। जिस तरह विवाह उपरांत नये जीव के सृजन की प्रक्रिया होती है, सरहुल के प्रकृति पर्व में भी सूर्य की ऊर्जा, पृथ्वी में नये जीवन का संचार करती है। ह्यफोटोसिंथेसिसह्ण या प्रकाश संश्लेषण के तकनीकी रासायनिक प्रक्रिया सेआदिवासी समाज भले ही अवगत ना हो किंतु अपने देशज ज्ञान के अन्तर्गत वेभली भाँति जानते थे कि मिट्टी (पृथ्वी), जल और सूर्य के द्वारा ही नया जीवन संभव हो पाता है। इसलिए आदिवासी समाज में विवाह संस्कार एक बेहद महत्वपूर्ण सांस्कृतिक प्रक्रियाओं में से है।

सरहुल में प्रकृति आराधना मात्र विवाह तक सीमित नहीं है। किसी भी गाँव में आप जब पारंपरिक सरहुल मनाते हैं तो आपको एक अलग ही प्रक्रिया देखने को मिलती है। सरहुल के एक दिन पहले पारंपरिक धार्मिक अगुवा पाहन, बैगा इत्यादि सरना स्थल में मिट्टी के घड़े में पानी, पुरखों से संवाद कर के रात भर वहाँ छोड़ आते हैं। अगले दिन धार्मिक अगुवा उपवास के दौरान ही सरना स्थल जाते हैं और घड़े में पानी के स्तर का अवलोकन करते हैं। घड़े में पानी के स्तर के आधार पर उस साल होने वाली वर्षा के विषय में धार्मिक अगुवा भविष्यवाणी करते हैं। यदि घड़े में पानी का स्तर कम होता है तो यह संकेत होता है कि उस वर्ष वर्षा कम होगी। यदि पानी का स्तर यथावत रहता है या कुछ मात्रा में ही नीचे गिरता है तो यह संकेत होता है कि वर्षा ठीक होगी। यह भविष्यवाणी बेतरतीब या निराधार नहीं होता है। धार्मिक अगुवा घड़े के स्तर को देखकर समझते हैं कि वातावरण की वायु में आर्द्रता कितनी है। यदि वायु शुष्क होगी तो वह अधिक पानी सोखेगी और घड़े में पानी का स्तर नीचे जाएगा। वायु के शुष्क होने के कारण और आर्द्रता की कमी के कारण वर्षा सीमित होगी। वहीं यदि वातावरण की वायु में आर्द्रता अधिक होगी तो वह घड़े के पानी को कम सोखेगी। यह एक सामान्य अवलोकन आधारित विज्ञान है किंतु बेहद तर्कपूर्ण।

धार्मिक अगुवा उसके बाद पुरखों से जो संवाद करते हैं वह जियो और जीने दो की अनूठी मिसाल है। वे सूर्य, धरती और प्रकृति आदि शक्ति से सरना में एक ही स्थान में चक्र अनुक्रम में उल्टी घड़ी की दिशा में पृथ्वी के सभी जीव और निर्जीव के लिये ह्यगोहरातेह्ण हैं। इस चक्रानुक्रम में धार्मिक अगुवा 360 डिग्री पूरा करते हैं। इसके पीछे बड़ा सरल सा विज्ञान है।

गाँव के निर्माण के क्रम में सरना स्थल का भी स्थान निर्धारित किया जाता था। आदिवासियों की यह एक सामान्य प्रथा थी कि वे गाँव के निकट के जंगलों को जब खेती योग्य बनाते थे तब उसी जंगल के एक भाग को यथावत छोड़ देते थे। इसे एक पवित्र स्थल के रूप में देखा जाता था। इसे ही हम सरना स्थल या अन्य नामों से जानते हैं। यह स्थल साल के पेड़ों का एक समूह है जो आम तौर पर एक आदिवासी गाँव के पास स्थित होता है। ऐतिहासिक रूप से, यह मान्यता थी कि इसी स्थल में सर्वशक्तिमान और अदृश्य शक्तियों का वास होगा।

पुरखे और अन्य परोपकारी शक्तियाँ भी इस स्थल से गाँव की देखभाल करेंगे, ऐसा आदिवासी समाज विश्वास करता है। वैज्ञानिक रूप से, यह पवित्र स्थल जो गाँव के पास स्थित थी, वास्तव में समाज की पारिस्थितिक (इकोलॉजिकल) आवश्यकताओं को पूरा करती थी। इस स्थल के पेड़ एवं अन्य वस्तुओं को पवित्र माना जाता था और किसी भी प्रकार के दैनिक उपयोग के लिए यह क्षेत्र निषेध था। इस निषेध ने सूक्ष्म जीवों के अस्तित्व को बनाए रखा।

### सरहुल का संदेश प्रकृति ही ईश्वर है

**हर** दिशा में वे पुरखों और आदि शक्ति को याद करते हुए खेत खलिहान, गाय गरु, पेड़ पौधे, नदी नाले, जंगल पहाड़, बरखा, पशु-पक्षी, चाँद तारे इत्यादि सभी के लिये स्नेह की विनती करते हैं। गाँव को अनिष्ट से बचाने के लिए भी विनती होती है। किसी भी प्रकार के आपदा से सभी जीव और निर्जीव सुरक्षित रहें, इसके लिए इसी विनती में धार्मिक अगुवा अनुनय विनय करते हैं। इस प्रकार का धार्मिक अनुष्ठान अपने आप में अनोखा है।

आदिवासी समाज ऐसा है जहाँ एक व्यक्ति विशेष के लिए या स्वयं के लिए अनुनय नहीं होता है। स्वार्थ से परे वे सबके लिये शुभेच्छा रखते हैं। यह जीवन दर्शन अत्यंत समृद्ध है क्योंकि आदिवासी समाज समझता है कि यदि प्रकृति का अस्तित्व बचा रहेगा तभी उनका अस्तित्व बचा रहेगा। आदिवासी समाज को हम आधुनिक रूप में परिवर्तित करने का प्रयास करते हैं और उनके प्रकृति के इस परस्पर सह-जीवी की समृद्ध अवधारणा को गौण समझते हैं।

सरहुल से पहले कुछ समय तक शिकार और जंगल के फल फूल खाने की मनाही होती है। यहाँ तक दातुन-पतईह्नतोड़ने की भी मनाही होती है। इस समय जीव प्रजनन और गर्भधारण की प्रक्रिया में होते हैं, इसलिए शिकार की मनाही होती है। दातुन-पतई, जंगल के फल फूल अभी कोपल अवस्था में हैं और इन्हें पूर्ण रूप से विकसित होने का समय दिया जाता है। इसलिए इस प्रकार का निषेध गाँव भर में लगाया जाता है।सरहुल पर्व के समय मुर्गे की बलि दी जाती है। यह एक सांकेतिक प्रक्रिया है किंतु इसके पीछे मजबूत आदिवासी ज्ञान है। प्राचीन काल में जब एक गाँव को बसाने के लिए किसी जंगल के भाग का चुनाव होता था तो आदिवासी समाज उस अनजान क्षेत्र में नरभक्षी जानवर के प्रति आशंकित होते थे। इसलिए एक मुर्गे को उस जंगल में बांध के रख दिया जाता था।

अगले दिन जब पुनः जंगल के उस भाग में लोग जाते थे और मुर्गा यथावत मिलता था तो यह माना जाता था कि वह क्षेत्र तुलनात्मक रूप से सुरक्षित था और वहाँ एक नया गाँव बसाया जा सकता है। इसी प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए आज भी सरहुल के समय मुर्गे की बलि दी जाती है और पुरखों को धन्यवाद प्रेषित किया जाता है।

स्पीड न्यूज

### पतंजलि युवा भारत ने की पूजा सह यज्ञ- हवन

**जमशेदपुर।** हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का शुभारंभ मंगलवार 9 अप्रैल 2024 को हो गया है। इस अवसर पर पतंजलि युवा भारत द्वारा सारजमदा बस्ती में सत्यनारायण पूजा सह यज्ञ- हवन किया गया। कार्यक्रम में पुरोहित की भूमिका निभा रहे बाबूलाल पांडेय को अंग वस्त्र पहना सम्मानित किया गया।

### रबर कंपनी में आग से करोड़ों का नुकसान

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर स्थित आरडी रबर कंपनी में बीते मंगलवार की देर रात लगी भीषण में करोड़ों की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। बताया गया कि कंपनी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी और धीरे-धीरे पूरे परिसर में फैल गयी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ है।

### टेल्को थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने टेल्को क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राम नवमी अखाड़ा समितियों के साथ बैठक कर शांति पूर्ण तरीके से झंडा जुलूस विसर्जन संपन्न कराने हेतु दिशा निर्देश दिया। प्रशासन ने आचार संहिता के आलोक में झंडा निकालने की प्रतिबद्धता बतायी।

### हो समाज से प्रत्याशी दे महागठबंधन : महासभा

**जमशेदपुर।** बुधवार आदिवासी हो समाज महासभा और आदिवासी हो समाज युवा महासभा पूर्वी सिंहभुम के संयुक्त तत्वदान में आदिवासी हो समाज भवन गोलमुरी में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें सिंहभूम लोकसभा संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जनजाति आरक्षित हो बहुल क्षेत्र है। इस संसदीय क्षेत्र में 58 प्रतिशत आदिवासी मतदाता है, जिसमें हो का 51, संथाल का 5, उरांव 1 और मुंडा 1 प्रतिशत है।

### करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने बिनय सिंह



**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राज शेखावत ने एक बार फिर से भरोसा जताते हुए जमशेदपुर के बिनय सिंह को 3 साल (2024 से 2027 तक) के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की कमान सौंपी। साथ ही झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भी बने रहकर प्रदेश को मजबूत करने को जिम्मेदारी दी गयी।

### धूमधाम के साथ मनाया गया नववर्ष प्रतिपदा

**चांडिल।** नौरंगराय सूर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच विद्यालय परिसर में वर्ष प्रतिपदा के रूप में नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को भगवा ध्वज से सजाया गया था। भारत में हिंदू सनातन के अनुसार नए वर्ष का प्रारंभ वर्ष प्रतिपदा के दिन से होता है। ब्रह्म पुराण पर आधारित ग्रंथ कथा कल्पतरु में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी।

### जुगसलाई में एक माह से जलापूर्ति ठप : मोदी

**जमशेदपुर।** भाजपा जिला महामंत्री अनिल मोदी ने जुगसलाई के कई इलाकों में पिछले एक माह से ठप जलापूर्ति को जल्दी शुरू करने की मांग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि तकरीबन एक माह से आर पी पटेल स्कूल के आस पास के इलाके के तकरीबन हजारों घरों में जलापूर्ति ठप है। गर्मी के इस मौसम में जलापूर्ति ठप्प होने से लोगो को भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं एवं बच्चों को हो रही है। लोगों को दूर से ढो कर पानी लाना पड़ रहा है। अथवा खरीदना पड़ रहा है। एक माह हो जाने के बाद भी जलापूर्ति का ठीक नहीं होना निराशाजनक है। विभाग के कर्मचारी तमाम प्रयासों के बावजूद फाल्ट नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया इस समस्या के निदान हेतु तत्काल कदम उठाएं एवं तकनीकी रूप से दक्ष पदाधिकारियों इस काम में लगायें।

# रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन को सात जोन में बनायी समिति

- समिति के सफल संचालन के लिए अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया कमेटी का विस्तार
- मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के साथ समिति में बने दस संरक्षक
- रामबाबू सिंह संयोजक एवं भूपेंद्र सिंह बने महासचिव

**ईस्ट जोन**
प्रभारी- बलराम रजक रजक समाज अखाड़ा मनीफीट।
सह प्रभारी- कृष्ण बारीक वनराज अखाड़ा बिरसानगर।
कार्यकारिणी- के बी नरसिम्हा राव न्यू मार्केट टेल्को, प्रभात पांडे संकट मोचन अखाड़ा टीआरएफ कॉलोनी, बिरसानगर, बलदेव सिंह बजरंग अखाड़ा बिरसानगर, रौशन कुमार, बजरंग अखाड़ा रामाधीन बागान।

**सेंट्रल जोन 'बी'**
प्रभारी- शैलेश गुप्ता, अमर ज्योति अखाड़ा।
सह प्रभारी- मंगलनाथ मुखी वीर बजरंग अखाड़ा भालूबासा।
कार्यकारिणी - कामेश्वर लाल जॉन अखाड़ा भालूबासा, अशोक पांडे श्री श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर अखाड़ा।

**सेंट्रल जोन 'ए'**
प्रभारी- परमा प्रसाद, झूला मैदान अखाड़ा।
सह प्रभारी- मन्नू शांडिल्य बागुन नगर अखाड़ा।
कार्यकारिणी- मोहन कुमार, श्री बजरंग अखाड़ा गाढ़ाबासा, राजकुमार अग्रवाल, वीर बजरंग युवा अखाड़ा। हृदय नमाता, बागुनहातु सूखा तालाब अखाड़ा, दीपक श्री वीर बजरंग युवा संघ मंदिर अखाड़ा।



आशुतोष सिंह, भूपेंद्र सिंह व चंद्रगुप्त सिंह।

**वेस्ट जोन 'ए'**
प्रभारी -अरविंद सिंह न्यू रानी कुदर कदमा।
सह प्रभारी- बबलू मुखी, मेडिकल बस्ती अखाड़ा।
कार्यकारिणी- राहुल कुमार रजक राज क्लब, छोटेलाल

**वेस्ट जोन 'बी'**
प्रभारी- दीपक यादव वीर मंच अखाड़ा सोनारी।
सह प्रभारी- समीर राज अंजनी पुत्र अखाड़ा।
कार्यकारिणी -श्रवण वर्मा दिना अखाड़ा, विष्णु महानंद कलिंगा अखाड़ा, राकेश प्रसाद गोलू, त्रिमूर्ति अखाड़ा, सुक्कू सिंह, सरदार अखाड़ा, दीपक नाग, कलिंगा अखाड़ा, राजू यादव, बाल समाज अखाड़ा।

**साउथ जोन :** प्रभारी- कमलेश दुबे, कैरेज कॉलोनी अखाड़ा।
सह प्रभारी- धीरज यादव, शिव मंदिर अखाड़ा परसुडीह।
कार्यकारिणी- अनमोल शर्मा, संकट मोचन अखाड़ा, गौरी शंकर रोड, मिहिर महतो, सात मंदिर अखाड़ा, महतो पड़ा, राजकुमार वरवलिया, श्री श्री बजरंग अखाड़ा गर्ल्स स्कूल रोड। शिवु मुखी वीर रघुवर अखाड़ा बर्मामाइंस, सपन दास, सोमाय झोपड़ी अखाड़ा, अनमोल वर्मा, श्री बजरंग अखाड़ा सुंदरनगर, गौरीशंकर सिंह, श्री बजरंग अखाड़ा समिति गोलपहाड़ी।

**नॉर्थ जोन :** प्रभारी- राजेश सिंह, जय मंगल सिंह अखाड़ा, बालीगुमा।
सह प्रभारी- सुनील सिंह
कार्यकारिणी- संजीत शर्मा, बजरंग अखाड़ा रोड नंबर 4, शिवचंद्र मुंडा, संकोसाई रोड नंबर 5, नीलकमल शेखर, पवन अखाड़ा, संतोष सिंह एवं अपूर्व पाल, पारडीह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक महत्वपूर्ण संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन में सहयोग करने हेतु समिति को सात जोन में विभक्त किया गया एवं समिति के सफल संचालन के लिए समिति का विस्तार करते हुए सभी सात जोन के प्रभारी सह प्रभारी की नियुक्ति की गयी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर लौहनगरी की 40 वर्ष पुरानी अखाड़ा समिति है। जो प्रत्येक वर्ष रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को शहर के सभी अखाड़ा समिति के विश्वास और परस्पर सहयोग से पूर्ण करती रही है। इस वर्ष भी अखाड़ा समिति रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जिसमें सभी अखाड़ा समिति के संग निरंतर बैठक एवं विभिन्न आवश्यक सुझावों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराते हुए रामनवमी महोत्सव के भव्य, सुविधायुक्त और शांतिपूर्ण आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है।

केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर एवं विभिन्न जोन में गठित कमेटी इस प्रकार है:

मुख्य संरक्षक- चंद्रगुप्त सिंह
संयोजक- रामबाबू सिंह
संरक्षक- शंभूनाथ सिंह, नीरज सिंह, रामबाबू तिवारी, भीष्म सिंह, अजय रजक, महेश खारेलवाल, दिवाकर सिंह, भास्कर मुखी, अनिल सिंह, शंकर रेड्डी
अध्यक्ष- आशुतोष सिंह,
महासचिव- भूपेंद्र सिंह
उपाध्यक्ष- गौतम प्रसाद, नंदजी सिंह, अशोक सिन्हा, परमात्मा मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद, नंदलाल सिंह, राकेश सिंह, सचिव- अभिषेक कुमार मनीष, अर्जुन शर्मा, ओमयो ओझा, राघवेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, शिव शंकर सिंह, जयराज रजक, संयुक्त सचिव- धर्मेंद्र शर्मा, मनोज खत्री, सह सचिव- मनवीर सिंह, देवेंद्र सिंह ,विजय वर्धा, संतोष कालिंदी, रवि भुइयां, कोषाध्यक्ष- शंभू मुखी, सह कोषाध्यक्ष- राजू बाजपेयी, मीडिया प्रभारी- प्रेम झा, सह मीडिया प्रभारी- सतीश मुखी, सोशल मीडिया प्रभारी- कुमार संदेश उर्फ छक्कन चौधरी, सह सोशल मीडिया प्रभारी- रॉकी सिंह।

# 21 को रांची में होगी झामुमो की महारैली पूर्वी सिंहभूम से जायेंगे 20,000 समर्थक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पूर्वी सिंहभूम की बैठक बुधवार को स्थान आदिवासी एसोसिएशन हॉल सीतारामडेरा जमशेदपुर में समय- 11 बजे जिलाध्यक्ष सह विधायक श्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से इन नेताओं ने अपनी बातों को रखा। सर्वसम्मति से तय हुआ कि 21 को हेमंत बाबू की गलत गिरफ्तारी के खिलाफ महारैली का आयोजन किया गया है। रांची में आयोजित इस महारैली में पूरे झारखंड से 5 लाख झामुमो समर्थक भाग लेंगे, और हेमंत बाबू की गिरफ्तारी का विरोध करेंगे।



बैठक को संबोधित करते विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन।

बैठक के पश्चात जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन और जिला 20 सूत्री संयोजक मोहन कर्मकार ने बताया कि महारैली में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से 20 हजार झामुमो कार्यकर्ता रांची जायेंगे। इसके लिए बसों एवं अन्य साधनों का इंतजाम किया जा रहा है।

बैठक में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह केन्द्रीय समिति सदस्य मोहन कर्मकार, विधायक संजीव पुर्व मंत्री दुलाल भुईयां, आस्तिक महतो, आदित्य प्रधान, ललित मान्डी, राजू गिरी, सुनील कुमार महतो, शंकर चंद्र हेंब्रम, कमलजीत कौर गिल, कान्हु समंत, शेख बदरूद्दीन, बबलू चौधरी, प्रमोद लाल, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, बाघराय मार्डी, पिंटु दता, अरूण प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार मैती, जिला सचिव घनश्याम महतो मानिक मल्लिक, प्रीतम हेम्ब्रम, श्यामल रंजन सरकार, जुगल किशोर मुखी, सुदर्शन स्वाशी, अरूण सिंह राजा, जिला युवा मोर्चा बाबन राय, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा चंद्रावाती महतो, राज लकड़ा, सविता दास, सविता सिंह, झरना पाल, नंटु सरकार गोपाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, बहरागोड़ा, चाकुलिया धनंजय कारूणामय, गुड़ाबांधा सुराई टुडू, जमशेदपुर बहादुर किस्कू, पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, पटमदा प्रखण्ड अध्यक्ष अश्विनी महतो, प्रधान सोरेन, जमशेदपुर नगर अध्यक्ष दलगोविन्द लोहरा, चाकुलिया नगर अध्यक्ष मो गुलाब परमजीत सिंह पम्मे संचालन जिला संगठन सचिव विद्यासागर ने धन्यवाद जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने की।

## आजसू पार्टी जमशेदपुर लोकसभा सम्मेलन 21 को : रामचंद्र सहिस

- 10 हजार ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को दोपहर 2 बजे तुलसी भवन में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा की। उक्त बैठक में लोकसभा प्रभारी व पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि सभी विधानसभा के प्रभारी और पंचायत प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में जुट जाए और संगठन हित में कार्य करने और लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में पार्टी के कार्यक्रम में लोगो को जागरूक करे और बताये कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो जी हिस्सा लेंगे साथ ही पार्टी के सभी विधायक और सांसद के आलावे पार्टी के सभी केंद्रीय नेताओं का आगमन होगा। बैठक



में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह लोकसभा प्रभारी रामचंद्र सहिस, बनविहारी महतो, कन्हैया सिंह, प्रो रवि शंकर मौर्या, फनी भूषण महतो, बुद्धेश्वर मुर्मू, डोमन टुडू, सागेन हांसदा, संजय सिंह, संजय मालाकार, अप्पू तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा, चंद्रेश्वर पांडेय, धर्मवीर सिंह, जवाहर लाल, अशोक मंडल, कृतिवास मंडल, ललन झा, अजय सिंह बब्बू , हेमंत पाठक, शंभू श्रवण आदि भी थे।

## श्रीनाथ विवि में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम वोट जरूर करने का विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में 'मतदाता जागरूकता कार्यक्रम' 2024 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यपुर म्युनिसिपल कमिश्नर श्री आलोक कुमार दुबे उपस्थित रहे साथ ही सम्मानित अतिथि असिस्टेंट म्यूनिसिपल कमिश्नर अभिषेक कुमार, अस्सिटेंट म्युनिसिपल कमिश्नर शंभू प्रसाद कुशवाहा, सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान, विकास कुमार शुक्ला भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आलोक कुमार दुबे ने उपस्थित लोगों से कहा कि मुझे आपके मतदान के प्रति उत्साह को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। आपके द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय है, मैं उम्मीद करता हूं कि आगामी चुनाव में आप बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। आप में से कई लोग ऐसे होंगे जो पहली बार मतदान करेंगे चुनाव आयोग भी अपनी ओर से प्रयासरत है कि अधिक से अधिक मतदान में जनता सम्मिलित हो सके क्योंकि आपका एक-एक वोट कीमती है। आप ही देश के कर्णधार है इसलिए भी आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है क्योंकि आप ही हैं जो देश की दशा और दिशा तय करेंगे। इसके साथ ही वैसे विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र दिया गया जो पिछ्ले एक माह से विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में वॉल पेंटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता इत्यादि में विभिन्न प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

## मंत्री बन्ना गुप्ता की उपस्थिति में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी की नयी टीम ने लिया पदभार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा टाटानगर ने दिनांक 9.04.24 को वार्षिक समाहरो 23-24 एवं शपथ ग्रहण समाहरो 24-25 की कार्यक्रम को संपूर्ण किया।यह कार्यक्रम जुबली पार्क स्तिथ रूसी मोदी एक्सीलेंस के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं आपदा मंत्री बन्ना गुप्ता को मंच



बन्ना गुप्ता को स्मृति चिह्न देते मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी।

के सदस्य अंकुर मोदी जी के द्वारा अंग्वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। मंत्री ने सभी के समक्ष अपने विचार प्रकट किया और शाखा के कार्य की प्रशंसा की और निवर्तमान अध्यक्ष मोहित मुनका एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और उनके पूरी कार्यकारिणी सदस्यों को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

## बमकांड में शामिल अपराधियों का अब तक नहीं मिला सुराग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गम्हरिया।** बीते मंगलवार की रात गम्हरिया के टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ स्थित एमटीसी मॉल के पीछे हुए बम कांड मामले में पुकिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस अभी तक मामले की तफ्तीश में ही जुटी है। इन सबके बीच लोगों के जेहन में कई सवाल कौंध रहे है कि आखिर कारोबारी अजय प्रताप सिंह और झामुमो नेता बाबू दास पर बम से हमला किसने करायी? यदि पूर्व के घटनाओं पर



इन्हीं पर हुआ था बम से हमला।

गौर करें तो आपराधिक गिरोहों के बीच वर्चस्व को लेकर इस घटना को अंजाम दिया जा सकता है। गौरतलब है कि अजय प्रताप सिंह एक साधारण कारोबारी हुआ करता था। उसका मुख्य काम बिल्डर को मेटेरियल सप्लाई करना रहा है।

## पार्किसंस रोग में शारीरिक गतिविधि और व्यायाम से अविश्वसनीय लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अक्सर बैठे-बैठे आपका हाथ या पैर तेजी से कांपने लगता है और शरीर को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में दिक्कत होती है तो यह पार्किंसन्स बीमारी होने की संभावना हो सकती हैं। इस रोग से बचने के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम से अविश्वसनीय लाभ होता हैं।

ये बातें ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर के सीनियर कंसल्टेंट- न्यूरोलॉजी डॉ अरुण कुमार ने कही। बुधवार डॉ. अरुण कुमार ने खबर मन्त्र को बताया कि पार्किसंस रोग के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम के लाभ की चर्चा करते हुए बताया कि इस रोग में मस्तिष्क के तंत्रिका कोशिकाओं में समस्या होती है, जो गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस रोग में नर्व सेल्स या तो डेड हो जाती हैं या खराब हो जाती हैं, जिससे डोपामाइन नामक एक महत्वपूर्ण रसायन के उत्पादन की क्षमता प्रभावित होती है।

डॉ. अरुण कुमार के अनुसार पार्किसंस रोग शरीर में कई प्रकार की समस्याओं का कारण बन सकती है। कंपकंपी या हाथ-पैर और जबड़े का अनैच्छिक रूप से



न्यूरोलोजिस्ट डा अरुण कुमार।

हिलना। मांसपेशियों में अकड़न, कंधों या गर्दन में दर्द सबसे आम है। मानसिक कौशल या प्रतिक्रिया के समय में कमी। पलकों के झपकने की गति में कमी। अस्थिर चाल या संतुलन में दिक्कत होना। अवसाद या डिमेंशिया का जोखिम। यदि आपके परिवार में पहले किसी को यह समस्या रही है तो आपमें भी इसका जोखिम हो सकता है। इसके अलावा महिलाओं की तुलना में पुरुषों में पार्किंसंस रोग विकसित होने की आशंका अधिक होती है। कुछ शोध में पाया गया है कि जो लोग विषाक्त पदार्थों के संपर्क में अधिक रहते हैं उनमें भी इसके होने का जोखिम हो सकता है। डॉ. अरुण कुमार का कहना हैं कि पार्किंसंस रोग के रोगियों की स्थिति के आधार पर दवाइयों और थेरपी के माध्यम से इसके लक्षणों को नियंत्रित करने और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। कुछ शोधों से पता चला है कि नियमित एरोबिक एवं व्यायाम से पार्किंसंस रोग का खतरा कम हो सकता है।

डॉ. अरुण ने बताया कि डोपामाइन उत्पादक कोशिकाओं की 80 प्रतिशत या उससे अधिक हानि वाले रोगियों में पार्किंसंस के लक्षण विकसित होते हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर साल इस रोग के 60,000 नए मामलों का निदान किया जाता है। यह स्थिति आमतौर पर 55 वर्ष की आयु के बाद विकसित होती है।

## एक नजर में

### टाटा स्टील को लगातार सातवें वर्ष मिला स्टील सस्टेनबिलिटी चैंपियनशिप अवार्ड



**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील को सतत विकास और विश्व स्तरीय मानकों के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और कार्रवाई के लिए वर्ल्डस्टील द्वारा लगातार सातवें वर्ष स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन 2024 के रूप में मान्यता दी गई है। 2018 में कार्यक्रम के लॉन्च के बाद से टाटा स्टील हर साल चैंपियन रही है। यह पुरस्कार विश्व स्तरीय स्टील उत्पादक के रूप में अपने नेतृत्व को बनाए रखने के टाटा स्टील के प्रयासों को स्वीकार करता है जो स्थिरता के सिद्धांतों के लिए पूरी तरह से समर्पित है। टाटा स्टील उन 11 स्टील उत्पादक कंपनियों में से एक है, जिन्हें वर्ल्डस्टील के सदस्यों के बोर्ड की अप्रैल विशेष आम बैठक (एसजीएम) में 2024 स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियंस नामित किया गया है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, टीवी नरेंद्रन ने कहा, हमें वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा एक बार फिर स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के रूप में मान्यता मिलने पर सम्मानित महसूस हो रहा है।

### पीएम मोदी ने आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाकर दिलाया भरपूर सम्मान : अर्जुन मुंडा



**तमाड़/बुंडू।** बुधवार को केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के हुरूनडीह, बाबुरामडीह, बारेडीह, कुंडला, बेगाडीह और सिरकाडीह में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हमें तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। आज पूरे दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, यह सब एक मजबूत नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। श्री मुंडा ने कहा कि बीते दस वर्षों में हमारी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखने का काम किया है। वर्षों से जिस आदिवासी समाज की उपेक्षा की गयी, उस समाज को सम्मान दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया है। आज देश की सबसे बड़े संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला बैठी हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। लेकिन राष्ट्रपति चुनाव के समय भी कुछ लोगों ने इनका समर्थन नहीं किया था, वैसे लोगों को जनता जरुर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभायी थी। जंगलों में रहकर आदिवासी समाज ने अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया था जिन्हें इतिहास के पन्नों में वो जगह नहीं मिली, जिसके वो हकदार थे। आदिवासी समाज के स्वाभिमान के लिए, उनके योगदान के लिए खूंटी के माटी के वीर ' धरती आबा' बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। यह हम सभी खूंटीवासियों के लिए गौरव की बात है।

### आनंद मार्ग के शिविर में 10 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर ने आनंद मार्ग के 2 घंटे के रक्त दान शिविर में ईश्वर कोटि के मनुष्यों ने 10 यूनिट अ+ एवं अइ+ ब्लड ग्रुप का रक्तदान किया। गर्मी एवं ए पॉजिटिव एवं एबी पॉजिटिव की जरूरत को ध्यान में रखते हुए या 2 घंटे के शिविर लगाया गया। आनंद मार्ग के आह्वान पर ट्यूब डिवीजन टाटा वर्कर्स यूनियन के कमिटी मेंबर मनोज मिश्रा ने भी ब्लड ग्रुप अ+ का रक्तदान किया। सुनील का कहना है कि जितने भी रक्तदाता निस्वार्थ रक्तदान करते हैं वे सभी ईश्वर कोटि के मनुष्य हैं। करण इस रक्तदान करने में रक्तदाता का किसी प्रकार का कोई भी स्वार्थ नहीं रहता परम पुरुष के छोटे-छोटे बच्चों के कष्ट निदान के लिए रक्तदान करते हैं इसलिए इस तरह के मनुष्य को ईश्वर कोटि के मनुष्य कहा गया है। रक्त दाताओं के बीच ब्लड सेंटर के डॉ एल बी सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के ट्यूब डिवीजन टेक्नोलॉजी सर्विसेज कमिटी मेंबर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में मना ईद उत्सव



**जमशेदपुर।** स्कूली पाठ्यक्रम के अलावा बच्चों में सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से शेन इंटरनेशनल स्कूल में ईद उत्सव का आयोजन हुआ। मौके पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां आपसी सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक ईद के विषय में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। रमजान के महीने की पवित्रता के साथ साथ बच्चों ने देश की संस्कृति, परंपरा और पर्व त्योहारों की विशेषताओं को जाना कईद उत्सव को लेकर बच्चों में खासा उत्साह था और उन्होंने ईद की एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए कई कार्यक्रमों गीत, संगीत एवं भाषण की भव्य प्रस्तुति की। प्राचार्या (प्रशासनिक) पुष्पा भल्ला ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति गौरवशाली है और अनेकता में एकता का प्रदर्शन करते हुए सभी धर्म के लोग एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं। आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल के रूप में ईद की एक अलग पहचान है।

### संस्था फुरसत में से जुड़ी 10 महिला साहित्यकारों के संगलन स्वयंसिद्धा का लोकार्पण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की वरिष्ठ महिला साहित्यकारों की संस्था फुरसत में ने अपनी स्थापना के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में एक साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि डा रागिनी भूषण तथा मुख्य वक्ता सह विशिष्ट अतिथि डा मनोज पाठक आजिज तथा तुलसी भवन के मानद सचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना वीणा पांडेय पिला कर ज्ञान का प्याला मेरे जीवन में आओं मां, करूं नित वंदना तेरी, मेरे उर में समाओ मां के मधुर स्वरों के साथ छाया प्रसाद के स्वागत गीत से मन मोहा।

स्पीड न्यूज

## गाजा को संभालने में नेतन्याहू कर रहे हैं गलती :बाइडेन

**वाशिंगटन।** गाजा में इजरायली कार्रवाइयों को देकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उन्हें लगता है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। श्री बाइडेन ने एक घंटे लंबे साक्षात्कार के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि वह जो कर रहा है वह एक गलती है। मैं उसके दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। यह साक्षात्कार मंगलवार रात अमेरिकी स्पेनिश-भाषा नेटवर्क यूनीविजन पर प्रसारित हुआ था।

## चो जंग-ताई ताइवान के नये प्रधानमंत्री बने

**ताइपे।** ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चो जंग-ताई को बुधवार को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ताइवान में जनवरी में आम चुनाव हुआ था जिसमें स्वतंत्रता-समर्थक उम्मीदवार लाई ने 40 .05 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की। जो डीपीपी में भी हैं। 20 मई को लाई व उपराष्ट्रपति हिसयाओ बी-खिम के पदभार ग्रहण करने के बाद जंग पदभार ग्रहण करेंगे।

## ईरान में आतंकी हमला 5 पुलिसकर्मी मारे गये

**तेहरान।** ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक आतंकवादी हमले में कम से कम पांच पुलिसकर्मी मारे गये और दो घायल हो गए। मेहरेस्तन काउंटी और सिब और सुरन काउंटी के बीच आतंकवादियों ने ईरानी पुलिसकर्मी की हत्या के मुख्य संदिग्ध को ले जा रही पुलिस की दो कारों पर हमला कर दिया। पुलिसकर्मी की मार्च में हत्या हुयी थी। आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने पुष्टि की है।

## मप्र के बैतूल में सात मई को होगी वोटिंग

**बैतूल।** मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर अब सात मई को मतदान होगा। यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था लेकिन यहां से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को हृदयगति रूक जाने की वजह से निधन होने के बाद चुनाव स्थगित हुआ था।

## दिल्ली में 26 अप्रैल को होगा मेयर चुनाव

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी को एक बड़ी चुनावी प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह चुनाव दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए है। दोनों पदों पर 26 अप्रैल को चुनाव होगा। बुधवार को इसकी आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई। सूचना के मुताबिक चुनाव के लिए 26 अप्रैल को दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक बुलाई गई है।

# नौसेना के लिए फ्लीट सपोर्ट जहाज का निर्माण हुआ शुरू

## 2027 के मध्य में नौसेना को मिलेगा जहाज

**एजेंसी**

▶▶ **रक्षा सचिव की मौजूदगी में हुआ जहाज की स्टील कटिंग**



**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए बनाए जाने वाले पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों (एफएसएस) में से पहले का निर्माण शुरू करने के लिए बुधवार को विशाखापट्टनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) में स्टील कटिंग समारोह हुआ। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में हुए समारोह के बाद बनाए जाने वाले फ्लीट सपोर्ट जहाज भारतीय नौसेना की ब्लू वाटर क्षमताओं को बढ़ाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों के लिए एचएसएल के साथ एक अनुबंध पर अगस्त, 2023 में हस्ताक्षर किए थे। जहाजों को 2027 के मध्य से भारतीय नौसेना को वितरित किया जाना तय है। नौसेना के बेड़े में शामिल होने पर फ्लीट सपोर्ट जहाज समुद्री बेड़े के जहाजों की पुनःपूर्ति के माध्यम से भारतीय नौसेना की ब्लू वाटर क्षमताओं को बढ़ाएंगे। लगभग 40 हजार टन से अधिक विस्थापन वाले जहाज ईंधन, पानी, गोला-बारूद और भंडार ले जाएंगे और वितरित करेंगे, जिससे बंदरगाह पर वापस आए बिना लंबे समय तक संचालन संभव हो सकेगा। इससे बेड़े की रणनीतिक पहुंच और गतिशीलता में वृद्धि होगी। मंत्रालय के अनुसार द्वितीयक भूमिका में ये जहाज आपातकालीन स्थितियों में कर्मियों को निकालने और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान साइट पर राहत सामग्री की त्वरित डिलीवरी के लिए मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों से सुसज्जित होंगे। पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन और स्वदेशी निमार्ताओं से अधिकांश उपकरणों की सोर्सिंग के साथ यह जहाज भारतीय जहाज निर्माण उद्योग को बढ़ावा देगी। यह परियोजना भारत सरकार की ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल और मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड पहल के अनुरूप है। इस अवसर पर पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, एचएसएल के सीएमडी कमोडोर हेमंत खत्री (सेवानिवृत्त), भारतीय नौसेना और एचएसएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है यह चुनाव : राहुल

▶▶ **कांग्रेस ने हमेशा भारत को जोड़ा और भाजपा ने लोगों को बांटने की कोशिश की**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 के आम चुनाव को देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह चुनाव समाज को बांटने और जोड़ने वाली दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है इसलिए जनता को देश को जोड़ने और तोड़ने वाली ताकतों की पहचान कर इस बार मतदान करना है। श्री गांधी ने ट्वीट किया कि ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है।एक तरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को जोड़ा और दूसरी तरफ वो हैं जिन्होंने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि किसने देश का विभाजन चाहने वाली ताकतों से हाथ मिला कर उन्हें मजबूत किया और कौन देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ा। कौन भारत छोड़ो आंदोलन के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था। जब भारत की जेले कांग्रेसी नेताओं से भर गई थीं तब देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में कौन सरकार चला रहा था। भारतीय जनता पार्टी और उसके शीर्ष नेताओं पर कड़ा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक मंचों से झूठ की बौछार करने से इतिहास नहीं बदलता।

# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे को भाजपा ने दिया टिकट

▶▶ **नौ उम्मीदवारों की दसवीं सूची जारी, आसनसोल से लड़ेंगे सांसद एसएस आहलुवालिया**

▶▶ **बहुचर्चित गाजीपुर सीट से अफजाल अंसारी को टक्कर देंगे पारसनाथ राय**

**नयी दिल्ली ।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश की बलिया सीट से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने बुधवार को चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश के लिए आठ उम्मीदवार घोषित किये तथा बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार को बदल दिया है। केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत नौ उम्मीदवारों की दसवीं सूची में चंडीगढ़ से भाजपा के चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल बलराम दास टंडन के पुत्र संजय टंडन को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि बंगाल की आसनसोल सीट से पहली सूची में घोषित भोजपुरी गायक पवन सिंह की जगह दुर्गापुर बर्धमान के सांसद एस एस आहलुवालिया को उतारा गया है। उत्तर प्रदेश की मैनपुरी सीट से योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को, कौशाम्बी (सु.) से विनोद सोनकर को, फूलपुर से प्रवीण पटेल को, बलिया से सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट कट गया है और यहां पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर के पुत्र एवं पूर्व राज्यसभा सांसद नीरज शेखर को टिकट दिया गया है। इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। बहुचर्चित गाजीपुर सीट से पारसनाथ राय को उतारा गया है जो अफजाल अंसारी का मुकाबला करेंगे। मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज ही लड़ेंगे। फूलपुर से प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

# निर्दोषों को मारा तो मिट्टी भी नसीब नहीं होगी : योगी

## उप्र के सीएम बोले-बड़े बड़े माफियाओं की कैसी हो रही है दुर्गति

**एजेंसी**

▶▶ **कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है**



**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्दोषों को मारा तो मिट्टी भी नसीब नहीं होगी। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी यूपी में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी। उन्होने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है, वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है। योगी ने पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि एक तरफ भारत पिछले चार साल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सौगात दे रहा है तो वहीं पाकिस्तान कटोरा लेकर दुनियाभर में भीख मांग रहा है। पाकिस्तान की ये हालत उसके नेताओं के कारण हुई है। योगी ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए कहा कि मेरठ 12 लेन के एक्सप्रेसवे के साथ सीधे दिल्ली से जुड़ गया है। अब मेरठ के लोग दिल्ली में नहीं दिल्ली के लोग मेरठ, सरधना और मुजफ्फरनगर में रहना चाहते हैं। पहले जिस दूरी को तय करने में 5 घंटे लगते थे अब उसे 1 घंटे में पूरा किया जाता है। 32 हजार करोड़ से रैपिड रेल से मेरठ को जोड़ा जा चुका है।

# केजरीवाल सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी की नीति का विरोध करते हुए बुधवार को मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आनंद ने पत्रकार वार्ता में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के रवैए पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने दलितों और पिछड़ों के प्रतिनिधित्व का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी देश में राजनीति बदलने के उद्देश्य से आई थी। हालांकि राजनीति नहीं बदली लेकिन राजनेता बदल गए। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वाली पार्टी आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। ऐसे में उनका पार्टी में रहना असहनीय था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। आनंद ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर की फोटो लगाने वाली पार्टी उनके आदर्शों पर नहीं चल रही।

# सेंसेक्स 75 हजार के पार



**मुंबई।** वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मजबूत परिणाम आने की उम्मीद में कमोडिटीज, ऊर्जा, एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 75 हजारी हो गया। सेंसेक्स 354.45 अंक अर्थात 0.47 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,038.15 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 111.05 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,753.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.89 प्रतिशत उछलकर 41,110.66 अंक और स्मॉलकैप 0.46 प्रतिशत चढ़कर 46,148.38 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1961 में लिवाली जबकि 1869 में बिकवाली हुई वहीं 103 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई के 18 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 1.30, सीडी 0.40, ऊर्जा 1.71, एफएमसीजी 1.19, वित्तीय सेवाएं 0.24, हेल्थकेयर 0.03, इंडस्ट्रियल्स 0.14, आईटी 0.53, दूरसंचार 0.20, बैंकिंग 0.66, कैपिटल गुड्स 0.12, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.85, धातु 1.66, तेल एवं गैस 1.74, पावर 0.52, रियल्टी 0.66, टेक 0.86 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.15 प्रतिशत उछल गए।

# सपा का घोषणा पत्र जारी

**जातिगत जनगणना, किसानों को एमएसपी, 24 घंटे बिजली, ओपीएस बहाली समेत कई वादे**



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को विजन डॉक्यूमेंट नाम से अपना घोषना पत्र जारी किया। इसमें जनता से कई वादे किए गए हैं। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और वर्ष 2025 तक जातिगत जनगणना कराने समेत कई वादे पार्टी ने किए हैं। अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। अखिलेश ने बताया कि इसमें मीडिया की आजादी का अधिकार, जातिगत जनगणना का अधिकार, गरीबी से निकालने का अधिकार, 24 घंटे बिजली , खेल प्रतिभाओं का अधिकार आदि जैसे कई अधिकारों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 2025 तक जाति आधारित जनगणना कराएंगे। इसके आधार पर 2029 तक सभी को हिस्सेदारी मिलेगी। जातिगत जनगणना को इसमें प्राथमिकता दी गई है। दूध समेत सभी फसलों के लिए किसानों को एमएसपी देंगे। कानून गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी दिया जाए। किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था मुफ्त, किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। किसान आयोग का गठन किया जाएगा। भूमिहीन किसानों को 5 हजार हर माह पेंशन, हर 10 किमी पर एक मंडी की स्थापना की जाएगी। अखिलेश ने कहा कि इस विजन डॉक्यूमेंट में हमने जनता की ही बातों को शामिल किया है।

# जाह्नवी कपूर ने शिखर से किया प्यार का इजहार



**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने मंगलवार की रात को पापा बोनी कपूर के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'मैदान' की स्क्रीनिंग में शिरकत की। जान्हवी कपूर ने आखिरकार शिखर पहाड़िया के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। फिल्म की स्क्रीनिंग पर पहुंची जाह्नवी क्रीम रंग के पैंटसूट में बेहद खूबसूरत लग रही थी। उन्होंने अपने लुक को शिखू लिखे कस्टम-मेड नेकपीस के साथ पूरा किया। एक्ट्रेस के इस नेकपीस ने सभी का ध्यान खींचा, जिससे ऐसा लगता है कि वह अपने रिलेशन को कन्फर्म कर रही हैं। स्क्रीनिंग के दौरान एक्ट्रेस को रेड कार्पेट पर पिता और मैदान के निर्माता बोनी कपूर, अपने भाई अर्जुन कपूर के साथ पोज देते हुए देखा गया। मैदान एक जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसे अमित रविंदरनाथ शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया है। इसमें अजय देवगन, प्रियामणि और गजराज राव हैं। फिल्म प्रतिष्ठित फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन और यात्रा के बारे में बात करती है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# उप्र की 38 सीटों पर कांग्रेस का 40 साल से खाता नहीं खुला

**एजेंसी**

**महासमर**

▶▶ **कांग्रेस ने चार दशक तक उत्तर प्रदेश पर राज किया, अब लोकसभा की केवल एक सीट पर सिमट गई**

▶▶ **38 संसदीय सीटों पर कांग्रेस ने 1984 के चुनाव में अंतिम जीत हासिल की थी**



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने 1947 से 1989 के बीच लगभग चार दशक तक उत्तर प्रदेश पर राज किया, वह कांग्रेस अब लोकसभा की केवल एक सीट पर सिमट गई है। प्रदेश की 80 संसदीय सीटों में से 38 सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस आखिरी बार 40 साल पहले जीती थी। उल्लेखनीय है कि, 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट जीत पाई थी। 403 सीटों वाली उत्तर प्रदेश विधानसभा में उसके केवल दो विधायक हैं। उप्र में 38 संसदीय सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस ने 1984 के आम चुनाव में आखिरी जीत हासिल की थी। इन सीटों पर पिछले चार दशकों से कांग्रेस अपना करिश्मा दोहरा नहीं पाई। इन सीटों में सहारनपुर, कैराना, बिजनौर, पीलीभीत, अमरोहा, बुलंदशहर, संभल, हाथरस, आगरा, मैनपुरी, बदायूं,आंवला, हरदोई, इटावा, कन्नौज, मोहनलालगंज (सु0), लखनऊ, जालौन, हमीरपुर, बांदा, कैसरगंज, फूलपुर, इलाहाबाद, फतेहपुर, अम्बेडकर नगर, बस्ती, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, गोरखपुर, देवरिया, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर और राबर्टसगंज शामिल हैं। एटा सीट पर कांग्रेस को अंतिम जीत 44 साल पहले 1980 के आम चुनाव में मिली थी।

उप्र में 2 सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस आखिरी बार 1989 में जीती थी। ये सीटें सीतापुर और घोसी हैं। मिश्रिख (सु0) सीट पर उसे अंतिम जीत 1991 के आम चुनाव में मिली थी। बागपत संसदीय सीट पर वह 1996 में अंतिम बात जीत का स्वाद चख पाई थी। मुजफ्फरनगर, रामपुर और मेरठ सीट पर उसकी अंतिम जीत 25 साल पहले 1999 में हुई थी। 2004 के चुनाव में 20 साल पहले आखिरी दफा अलीगढ़, मथुरा, शाहजहांपुर, बांसगांव और वाराणसी सीटों पर जीती थी। इसके बाद उसकी हार का सिलसिला जारी है।

**20 सीटों पर 15 साल पहले मिली आखिरी जीत :** मुरादाबाद, फिरोजाबाद, बरेली, खीरी, धौरहरा, उन्नाव, फरुर्खाबाद,कानपुर, अकबरपुर, बहराइच, झांसी, बाराबंकी, फैजाबाद, गोण्डा, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, श्रावस्ती, डुमरियागंज, महाराजगंज और कुशीनगर इन 20 सीटों पर कांग्रेस को अंतिम जीत 2009 के आम चुनाव में मिली थी। इस चुनाव में कांग्रेस ने 18.25 फीसदी वोट हासिल कर कुल 21 सीटों पर कब्जा किया था। 1984 के आम चुनाव के बाद सीट जीतने के लिहाज से यह कांग्रेस का सर्वश्रेष्ठ अंतिम प्रदर्शन था। 2009 के आम चुनाव के बाद हुए आम चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत और सीटें दोनों जमीन पर आ गए।

**2009 में बनी नई सीटों पर भी लचर प्रदर्शन :** 2009 में परिसीमन के बाद नगीना (सु0), गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, धौरहरा, अकबरपुर, फतेहपुरसीकरी, कौशाम्बी, संतकबीर नगर, श्रावस्ती, कुशीनगर और भदोही 11 संसदीय सीटें अस्तित्व में आईं। 2009 में नई सीटों पर पहली बार आम चुनाव हुआ। इनमें से चार सीटों कुशीनगर, श्रावस्ती, धौरहरा और अकबरपुर पर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा, सपा और बसपा इन सीटों पर जीती। कांग्रेस का दोबारा खाता नहीं खुला।

**2014 और 2019 के आम चुनाव में जमीन पर :** 2014 के आम चुनाव में देश और प्रदेश में विपक्ष मोदी की आंधी में उड़ गया। इस चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी की मात्र दो सीटें जीती। उसका वोट प्रतिशत गिरकर 7.53 रह गया।

वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस एक सीट रायबरेली ही जीत सकी। रायबरेली से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी उम्मीदवार थी। हालांकि गांधी परिवार की गढ़ माने जाने वाली अमेठी सीट से राहुल गांधी चुनाव हार गए। राहुल गांधी को भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने 50 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से उनके गढ़ में हराया था। इस चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत घटकर 6.36 रह गया। कांग्रेस 2024 के आम चुनाव में सिर्फ 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि सपा जैसी क्षेत्रीय पार्टी 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

